दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
वर्ष 54/ अंक 216/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, शुक्रवार 07 मार्च 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in



# मध्य प्रदेश में ठंड ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

## पहाड़ी राज्यों में 9 मार्च से बारिश-बर्फबारी

**भोपाल/नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल और जबलपुर में मार्च की ठंड ने पिछले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दोनों ही शहर में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। वहीं राजगढ़, उमरिया-खजुराहो समेत 13 शहरों में तापमान 6 से 9.8 डिग्री तक रहा। उधर, पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में 2 दिन से अच्छी धूप खिलने से राज्य के लोगों को ठंड से राहत मिली है। मंडी में सबसे ज्यादा 7.0 डिग्री तापमान बढ़ा है। हालांकि, बीते दिनों में हुई बारिश-बर्फबारी के बाद हुए लैंड स्लाइड की वजह से कई सड़कें अभी भी बंद हैं।

वहीं मौसम विभाग ने बताया कि कोंकण-गोवा, केरल, तटीय कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में गर्मी और उमस रहेगी। 9 मार्च को नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। इस वजह से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश में 9 से 12 मार्च तक, जबकि उत्तराखंड में 10 से 12 मार्च तक बारिश-बर्फबारी हो सकती है।

उत्तर भारत से चल रही सर्द हवाओं से राजस्थान में रात में पारा कई शहरों में गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। इससे इन शहरों में एक बार फिर सुबह-शाम की सर्दी तेज हो गई।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या और शिवश्री स्कंदप्रसाद ने रचाई शादी, वैदिक रीति से हुआ विवाह



**बेंगलुरु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या ने गुरुवार को कर्नाटक की प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायिका शिवश्री स्कंदप्रसाद के साथ विवाह कर लिया। यह समारोह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र, केंद्रीय मंत्री वी. सोमन्ना और अर्जुनराम मेघवाल शामिल थे। समारोह में पार्टी के कई सांसदों और विधायकों ने भी शिरकत की और नवदंपति को आशीर्वाद दिया। 34 वर्षीय तेजस्वी सूर्या ने शादी के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, गुरुजनों, बुजुर्गों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद से आज मैंने वैदिक परंपराओं के अनुसार शिवश्री के साथ विवाह किया। इस नई यात्रा के लिए आप सभी की शुभकामनाएं और आशीर्वाद की अपेक्षा है।

## बरसाना में हुरियारों ने अबीर-गुलाल उड़ाए, राधा रानी की सखियों ने नृत्य किया, होली के लिए लड्डू तैयार



**मथुरा।** मथुरा के बरसाना में लड्डूमार होली से पहले जश्न जैसा माहौल है। हुरियारों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। राधा-रानी की सखियों ने भी नंदगांव से आए निमंत्रण को लेकर नृत्य किया। होली बरसाना के लाडलीजी मंदिर में शाम 5 बजे से 7 बजे तक खेली जाएगी। होली को देखने और खेलने के लिए 10 लाख श्रद्धालु बरसाना पहुंचे हैं, जिनमें विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। लड्डूमार होली के लिए लाडलीजी मंदिर में बनी रसोई में 1,000 किलो शगुन के लड्डू बनाए गए हैं। बरसाना, वृंदावन, मथुरा, गोवर्धन और नंदगांव की 950 दुकानों में 9,000 किग्रा लड्डू तैयार किए गए हैं, जो श्रद्धालुओं पर लुटाए जाएंगे। 8 मार्च को होने वाली लट्ठमार होली से एक दिन पहले शुक्रवार को लाडली जी के महल में यह होली खेली जाती है। राधा रानी की दासी फाग का निमंत्रण लेकर नंदगांव जाती है। वह अपने साथ एक मटके में गुलाल, पान बीड़ा, प्रसाद और इत्र लेकर नंदभवन जाएगी। दासी का भव्य स्वागत होगा। इस गुलाल को नंदगांव के हर घर में बांटा जाता है। फाग का निमंत्रण देने के बाद दासी बरसाना में वापस लौट आएगी। फिर शाम को करीब 4 बजे नंदभवन से होली आमंत्रण की स्वीकृति का संदेश लेकर एक पंडा बरसाना पहुंचेगा। स्वीकृति का संदेश लाने वाले पंडा का राधाजी के महल में स्वागत सत्कार किया जाएगा।

## ट्रंप प्रशासन अगले सप्ताह लागू कर सकता है नया यात्रा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह एक नया यात्रा प्रतिबंध लागू करने की तैयारी में हैं, जिसके तहत अफगानिस्तान और पाकिस्तान सहित कई देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर



रोक लग सकती है। बताया जाता है कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा और देशों से जुड़े जोखिमों की सरकारी समीक्षा के आधार पर लिया जाएगा। सूची में अन्य देश भी शामिल हो सकते हैं, हालांकि अभी उनकी पहचान स्पष्ट नहीं है। यह कदम ट्रंप के पहले कार्यकाल में सात मुस्लिम बहुल देशों पर लगाए गए प्रतिबंध की याद दिलाता है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में मंजूरी दी थी। पूर्व

## जादवपुर यूनिवर्सिटी छात्रों के मामले में शिक्षा मंत्री समेत 3 पर एफआईआर दर्ज

**कोलकाता।** जादवपुर यूनिवर्सिटी में हुए हंगामा मामले में पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु, उनके ड्राइवर और टीएमसी नेता ओम प्रकाश मिश्रा के खिलाफ एफआरआई दर्ज हुई है। इन पर शारीरिक हमला, धमकी



देने सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, यूनिवर्सिटी के एक छात्र की शिकायत के बाद एक्शन लिया गया है। यह छात्र 1 मार्च को हुई घटना में घायल हुआ था। इस मामले में बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने आंदोलन कर रहे छात्रों की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज करने को कहा था।

## भारत की मल्टीपोलर डिप्लोमेसी, पीयूष गोयल अमेरिका, जयशंकर यूरोप में और आज विक्रम मिस्री रूस पहुंचेंगे

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के दौरे पर हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका में हैं तो विदेश सचिव विक्रम मिस्री आज से दो दिनों के रूस दौरे पर हैं। विदेश सचिव विक्रम



मिस्री रूस में सालाना द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे। इस दौरान दोनों देशों के संबंधों की समीक्षा होगी। इस दौरान वह रूस के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप आज व्हाइट हाउस में क्रिप्टो सेक्टर की एक अहम बैठक की मेजबानी करेंगे। बता दें कि ट्रंप की ओर से टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अचानक ही अमेरिकी दौरे पर पहुंच गए थे। कहा गया कि इस दौरे का मकसद टैरिफ विवाद को सुलझाना और दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। ऐसे में ट्रंप के टैरिफ के बाद भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों में गर्मजोशी को बनाए रखने के लिए पीयूष गोयल के अमेरिका जाने के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के दौरे पर गए।






मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खंडवा जिले के पंधाना विकासखंड में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह मे मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली शामिल हुए। कृषि उपज मंडी पंधाना में हुए कार्यक्रम में 1158 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जिनमें से 1137 का विवाह एवं 21 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ।

# मध्यप्रदेश फार्मा और मेडिकल निवेश का नया केंद्र: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की अनुकूल नीतियां, विकसित अधोसंरचना और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी सुविधाएं राज्य को दवा कंपनियों और चिकित्सा उपकरण निर्माताओं के लिए फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन बना रही हैं। जीआईएस-भोपाल में हेल्थकेयर, फार्मा और मेडिटेक क्षेत्र की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि मध्यप्रदेश चिकित्सा उपकरण निर्माण का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। उज्जैन में विकसित हो रहे 75 एकड़ के मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल पार्क को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैश्विक निवेशकों के लिए 'बेस्ट डेस्टिनेशन' करार दिया।

### मॉलिक्यूल टू मशीन अवधारणा से आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

जीआईएस-भोपाल में आयोजित 'मॉलिक्यूल्स-टू-मशीन (हेल्थकेयर, फार्मा, मेडिटेक)' सत्र के दौरान, विशेषज्ञों ने इस अवधारणा पर चर्चा करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश दवा निर्माण से लेकर चिकित्सा उपकरण उत्पादन तक पूरे हेल्थकेयर इको सिस्टम को मजबूत कर रहा है। राज्य में फार्मास्युटिकल कंपनियों, एक्टिव फार्मास्युटिकल इनग्रेडिएंट्स (एपीआई) निर्माण इकाइयों और मेडिकल डिवाइस विनिर्माण में तेजी से वृद्धि हो रही है।

### मेडिकल डिवाइस पार्क में बढ़ता निवेश

एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के समन्वयक श्री राजीव छिब्बर ने बताया कि उज्जैन स्थित विक्रम उद्योग नगरी में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 23 विनिर्माताओं ने निवेश करने की पुष्टि की है। सरकार की नई औद्योगिक नीति के तहत दी जा रही रियायतों और सुविधाओं के कारण निवेशकों की इकाइयां स्थापित करने की लागत काफी कम हो रही है, जिससे निवेश को बढ़ावा मिल रहा है।

### मध्यप्रदेश, प्रमुख फार्मास्युटिकल राज्यों में शामिल

मध्यप्रदेश देश के प्रमुख फार्मास्युटिकल राज्यों में से एक है। वर्तमान में प्रदेश में 270 से अधिक फार्मा कंपनियां कार्यरत हैं, जिनमें से 80 से अधिक पीथमपुर में स्थित हैं। राज्य में निर्मित दवाइयां 160 से अधिक देशों में निर्यात की जा रही हैं। प्रमुख निवेशकों में सनफार्मा, सिप्ला, लुपिन, एल्मेंबिक, टॉरेंट फार्मा और एल्केमिस्ट जैसी दिग्गज कंपनियां शामिल हैं।

### हरसंभव सहायता और तय समय में मंजूरियाँ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार फार्मा और मेडिकल उपकरण कंपनियों को निवेश के लिए हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। सरकार की ओर से लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम में सभी आवश्यक मंजूरियां तय समय में सुनिश्चित की जा रही हैं।

### 17 हजार करोड़ का निवेश और 49 हजार रोजगार सृजन

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के प्रयासों के कारण इस जीआईएस-भोपाल में निवेशकों ने इस सेक्टर में 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इससे लगभग 49 हजार नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विधानसभा सत्र की तैयारियों के संबंध में बैठक की

## पीएम मोदी सूरत से सिलवासा के लिए रवाना

## केंद्र शासित प्रदेश में नमो अस्पताल का उद्घाटन करेंगे, शाम को सूरत में रोड शो और जनसभा





**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पीएम दोपहर 2 बजे सूरत पहुंचे और यहां से केंद्र शासित प्रदेश सिलवासा के लिए रवाना हो गए। वे यहां 450 बिस्तरों वाले नमो अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही 650 बिस्तरों की क्षमता वाले दूसरे चरण का शिलान्यास भी करेंगे। इसके बाद सिलवासा में 2587 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

शाम को सूरत में रोड शो और जनसभा पीएम शाम करीब 5 बजे सिलवासा से सूरत पहुंचेंगे। यहां एयरपोर्ट से लिंबायत तक उनका करीब 3 किमी लंबा रोड शो होगा। इस दौरान उनके स्वागत के लिए हर 100 मीटर पर 30 मंच बनाए गए हैं। इसके बाद लिंबायत के नीलगिरी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम सूरत में ही रात्रि विश्राम करेंगे और कल सुबह नवसारी जाएंगे। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग जुटेंगे सूरत के कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग शामिल होने वाले हैं। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए बसों और वाहनों का इंतजाम किया गया है। दूसरी तरफ सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने अधिसूचना जारी कर 7 मार्च दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम पूरा होने तक शहरी क्षेत्र को 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया है। इस क्षेत्र में रिमोट-नियंत्रित ड्रोन, क्वाडकॉप्टर, पावर्ड एयरक्रॉफ्ट, हैंग ग्लाइडर, पैरा ग्लाइडर, पैरा मोटर्स, साथ ही गर्म हवा के गुब्बारे और पैरा जंपिंग पर भी बैन रहेगा।



बाबा महाकाल की 16 वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने धर्मपत्नी के साथ उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की।

## एनएमडीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त हुए अमिताव मुखर्जी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने अमिताव मुखर्जी को अपना नया चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया है। यह घोषणा गुरुवार को की गई। मुखर्जी, जो अब तक सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे, अब 6 मार्च से अपनी सेवानिवृत्ति (29 फरवरी, 2028) तक या अगले आदेश तक इस पद पर रहेंगे। मुखर्जी नवंबर 2018 में निदेशक (वित्त) के रूप में एनएमडीसी से जुड़े और मार्च 2023 से सीएमडी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वह एनएमडीसी स्टील लिमिटेड और लीगेसी आयरन ओर लिमिटेड के चेयरमैन भी हैं। 1996 बैच के भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) अधिकारी और लागत लेखाकार मुखर्जी ने भारत सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।




**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा जन औषधि दिवस पर दोपहर 12:20 बजे शिवाजी नगर स्थित रेडक्रॉस अस्पताल में जन औषधि केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शमिल हुए। भगवानदास सबनानी आदि मौजूद रहे।

## जबलपुर में बने दो ग्रीन कॉरिडोर, फ्लाइट से इंदौर भेजी किडनी



**जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक बार फिर अंगदान की प्रक्रिया सफलता पूर्वक पूरी हुई। शुक्रवार को इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क हादसे में ब्रेन डेड हुए 56 वर्षीय व्यक्ति के स्वजनों ने उसकी किडनी डोनेट की हैं। एक किडनी दमोहनाका स्थित मेट्रो अस्पताल में भर्ती मरीज को लगाई। जबकि दूसरी किडनी बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर भेजी गई है। इसके लिए मेडिकल अस्पताल से लेकर मेट्रो अस्पताल तक ग्रीन कॉरीडोर बनाया गया, जबकि दूसरा ग्रीन कॉरीडोर डुमना तक बनाया गया। सुपर स्पेशलिटी में ऑर्गन डोनेट की प्रक्रिया देर रात से ही आरंभ हो गई थी। आर्गन डोनेट में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल डीन डॉक्टर नवनीत सक्सेना, सुपर स्पेशलिटी डायरेक्टर डॉक्टर अवधेश कुशवाहा, डॉक्टर फणींद्र सोलंकी, डॉक्टर तुषार धकाते जबकि मेट्रो हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेश पटेल, डॉक्टर विशाल बड़ेरा और समन्वयक डॉक्टर अभिषेक दुबे का विशेष सहयोग रहा।

रसोर्ट वाली नई बीमारी

# सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते, शादी समारोह के लिए यह सब हो चुके है बेकार



कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियाँ होने की परंपरा चली, परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है। अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियाँ होने लगी हैं, शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिया जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता है, आगंतुक और मेहमान सीधे वहीं आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं, इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं। और सच मानिए समारोह में बुलाने वाला भी यही स्टेटस चाहता है। कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही आए और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है–

- **किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है**
- **किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है**
- **किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है**
- और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है।

इस निमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है, सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। महिला संगीत में पूरे परिवार को नाच गाना सिखाने के लिए महंगे कोरियोग्राफर 10–15 दिन ट्रेनिंग देते हैं, मेंहदी लगाने के लिए आर्टिस्ट बुलाए जाने लगे हैं, हल्दी लगाने के लिए भी एक्सपर्ट बुलाए जाते हैं। मेंहदी रस्म में सभी को हरी ड्रेस पहनना अनिवार्य है जो नहीं पहनता है उसे हीन भावना से देखा जाता है। अर्थात लोअर केटेगरी का मानते हैं, ब्यूटी पार्लर को दो–तीन दिन के लिए बुक कर दिया जाता है। फिर हल्दी की रस्म आती है, इसमें भी सभी को पीला कुर्ता–पाजामा पहनना अति आवश्यक है। इसमें भी वही समस्या है, जो नहीं पहनता है उसकी इज्जत कम होती है।

प्रत्येक परिवार अलग–अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूर–दराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है, क्योंकि सब अमीर हो गए हैं, पैसे वाले हो गए हैं, मेल–मिलाप और आपसी स्नेह खत्म हो चुका है, रस्म अदायगी पर मोबाइलों से बुलाये जाने पर कमरों से बाहर निकलते हैं, सब अपने को एक दूसरे से रईस समझते हैं। और यही अमीरीयत का दंभ उनके व्यवहार से भी झलकता है।

कहने को तो रिश्तेदार की शादी में आए हुए होते हैं परंतु अहंकार उनको यहां भी नहीं छोड़ता, वे अपना अधिकांश समय करीबियों से मिलने के बजाय अपने–अपने कमरों में ही गुजार देते हैं। विवाह समारोह के मुख्य स्वागत द्वार पर नव–दंपत्ति के विवाह पूर्व आलिंगन वाली तस्वीरें, हमारी विकृत हो चुकी संस्कृति पर सीधा तमाचा मारते हुए दिखती हैं, अब वर–वधू के नाम के आगे कहीं भी चि0 और सौ0/का0 नहीं लिखा जाता क्योंकि अब इन शब्दों का कोई सम्मान बचा ही नहीं इसलिए अंग्रेजी में लिखे जाने लगे हैं।

अंदर एंट्री गेट पर आदम कद स्क्रीन पर नव दंपति के विवाह पूर्व आउटडोर शूटिंग के दौरान फिल्माए गए फिल्मी तर्ज पर गीत संगीत और नृत्य चल रहे होते हैं, आशीर्वाद समारोह तो कहीं से भी नहीं लगते हैं, पूरा परिवार प्रसन्न होता है अपने बच्चों के इन करतूतों पर पास में लगा मंच जहां नव–दंपत्ति लाइव गल–बहियाँ करते हुए मदमस्त दोस्तों और मित्रों के साथ अपने परिवार से मिले संस्कारों का प्रदर्शन करते हुए दिखते हैं।स्टेज के पास एक स्क्रीन लगा रहता है, उसमें प्रीवेडिंग सूट की वीडियो चलती रहती है, उसमें यह बताया जाता है कि शादी से पहले ही लड़की लड़के से मिल चुकी है और कितने अंग प्रदर्शन वाले कपड़े पहनकर

– कहीं चट्टान पर, कहीं बगीचे में, कहीं कुएं पर, कहीं बावड़ी में, कहीं शमशान , तो कहीं नकली फूलों के बीच।

इसके बाद रिसेप्शन स्टार्ट होता है, स्टेज पर वरमाला होती है पहले लड़की और लड़के वाले मिलकर हंसी–मजाक करके वरमाला करवाते थे, आजकल स्टेज पर धुंए की धूनी छोड़ देते हैं, उसके बाद दूल्हा–दुल्हन को अकेले छोड़ दिया जाता है, बाकी सभी को दूर भगा दिया जाता है और फिल्मी स्टाइल में स्लो–मोशन में वह एक दूसरे को वरमाला पहनाते हैं, साथ ही लेजर शो/आतिशबाजी भी होती है।

इसके बाद वर निकासी होती है, बारात प्रोसेशन में ढोल पर बैठकर भले घर की बहु–बेटियां 50 हजार नाच गाने पर उड़ा देती हैं। हमारी संस्कृति को दूषित करने का बीड़ा ऐसे ही अति संपन्न वर्ग ने अपने कंधों पर उठाए रखा है, अत: मेरा अपने मध्यम वर्गीय समाज बंधुओं से अनुरोध है कि आपका पैसा है, आप ने कमाया है, आपके घर खुशी का अवसर है खुशियां मनाएं, पर किसी दूसरे की देखा–देखी नहीं। कर्ज लेकर अपने और परिवार के मान–सम्मान को खत्म मत करे, जितनी आप में क्षमता है उसी के अनुसार खर्च कीजिए, 4–5 घंटे के रिसेप्शन में लोगों की जीवन भर की पूंजी लग जाती है और आप कितना ही बेहतर करें लोग जब तक रिसेप्शन हॉल में है तब तक आप की तारीफ करेंगे और लिफाफा देकर आपके द्वारा की गई आव–भगत की कीमत चुकाकर निकल जाएंगे।

मेरा युवा वर्ग से भी अनुरोध है कि अपने परिवार की हैसियत से ज्यादा खर्चा करने के लिए अपने परिजनों को मजबूर न करें, आपके इस महत्वपूर्ण दिन के लिए आपके माता–पिता ने कितने समर्पण किए हैं यह आपको खुद माता–पिता बनने के उपरांत ही पता लगेगा।

दिखावे की इस सामाजिक बीमारी को अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित रहने दीजिए, अपना दांपत्य जीवन सर उठा के, स्वाभिमान के साथ शुरू करिए और खुद को अपने परिवार और अपने समाज के लिए सार्थक बनाइए।

**कृपया देशवासी हर व्यक्ति इस पर गहन चिंतन करे और आने वाले भविष्य में इस बीमारी से किस तरह निदान पाया जा सकता हैं उसके लिए जरूरी कदम उठावे।**

# रानी अवंति बाई पुरस्कार से सम्मानित होगी अनामिका जैन





**भोपाल।** अनामिका जनकल्याण सेवा समिति द्वारा विक्षिप्त महिला आश्रय गृह की स्थापना 2018 में अनामिका प्रदीप जैन निवासी संजीत जिला मंदसौर द्वारा की गयी, सुशील कुमार जैन ने बताया कि जहां चाह होती है वहां रहा मिल ही जाती है ऐसा ही कुछ जज्बा लिए हमारी समाजसेवी बहन अनामिका जैन ने कर दिखाया जो अपने जीवन के 17 वर्षों से लगातार जिसमे बीच में कोरोना काल का समय भी आया जब लोग घर से निकले में डरते थे,ऐसे कठिन समय में भी अनामिका प्रदीप जैन अपनी टीम के साथ महिला आश्रय गृह का संचालन लगातार निर्बाध रुप से कर रही है , अनामिका जैन के प्रेरणा स्त्रोत उनके पति जो गत माह में हृदयघात के कारण अब भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं लेकिन आज भी अनामिका को कदम कदम पर आगे बढ़ने की ऊर्जा एवम आत्मबल प्रदान करते हैं, आज अनामिका की विशेष पहचान विक्षिप्त महिलाओं को आश्रय और चिकित्सा देने जैसे काम के कारण देश भर में फैल गई है। महिला आश्रय गृह संचालन पूरा जनसहयोग द्वारा संचालित किया जाता है,संस्था द्वारा अभी तक 40 महिलाओं का पुनर्वास किया गया, अभी वर्तमान में 25 महिलाए महिला आश्रय गृह स्थल पर है, अनामिका को रानी अवंति बाई पुरस्कार एवं एक लाख रुपए और प्रशंसा पत्र मुख्य मंत्री मोहन यादव के आतिथ्य में कुशाभाऊ ठाकरे हॉल, भोपाल पर 8 मार्च को समय प्रात: 11 बजे कार्यक्रम के अंतर्गत दिया जाएगा।अनामिका प्रदीप जैन जनकल्याण सेवा समिति द्वारा प्राप्त इस उपलब्धि के लिए अपने पति,परिवार, समिति के सहयोगी ओर ईश्वर के आशीर्वाद को मानती हैं। सुशील कुमार जैन ने कहा कि अनामिका जैन द्वारा समाज सेवा के लिए किया गया कार्य सभी के लिए प्रेरणाप्रद ,अनुसरणीय एवम समाज को नयी दिशा देने वाला है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए नि:शुल्क परामर्श शिविर

**भोपाल।** सेवा भारती वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को आनंद धाम परिसर लिंक रोड नंबर 2 शिवाजी नगर नूतन कॉलेज के पास भोपाल, समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक, स्थित कार्यालय में विशेषत: महिला पक्षकारों हेतु नि- शुल्क विवादों में प्री लिटिगेशन मेडिएशन एवं विधिक परामर्श व करियर काउंसलिंग, पैरंट चाइल्ड काउंसलिंग, परिवार विवाद परामर्श, मानसिक अस्वस्थता विषय में मनोवैज्ञानिक परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।समाज के समस्त वर्ग इस शिवर से लाभान्वित हो सकेंगे इस शिविर में सेवानिवृत न्यायाधीश गणों के मार्गदर्शन में अधिवक्ता गण , प्रशिक्षित मध्यस्थ सामाजिक कार्यकर्ता, मनोवैज्ञानिक गण, पीएलव्ही सेवाएं प्रदान करेंगे।

## नंदीश्वर जैन महिला मिलन का शपथ विधि समारोह संपन्न



**भोपाल।** नंदीश्वर जैन महिला मिलन लालघाटी भोपाल शपथ विधि का कार्यक्रम रखा गया जिसमें पुन: सर्वसम्मति से मीना पवैया को अध्यक्ष चुना गया ममता चौधरी सचिव कोसा अध्यक्ष विनीता सिंघाई सांस्कृतिक सचिव सरोज जैन को मनोनीत किया अतिथि के रूप में प्रांतीय राष्ट्रीय पदाधिकारी श्रीमती रेखा जैन ललित मनिया आभा जैन उपस्थित रही ब शपथ दिलवाई थीम राधा कृष्ण की होली रखी गई जिसमें सभी बहुत ही सुंदर परिधान में उपस्थित हुए वह राधा कृष्ण फूल होली खली प्रथम द्वितीय पुरस्कार दिए गए श्रीमती विनीता सिंघाई जी के द्वारा चंद्र प्रभु भगवान मोक्ष कल्याणक के अवसर पर चमर चमर सभी को दिए वह चमर से भक्ति नृत्य किया फूलों की होली खली ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे वह पानी का अपव्यय ना हो जीव दया के कार्य के लिए सकोरीवितरित किया पशु पक्षी के लिए छत पर दाना पानी रखने के लिए

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होगा नारी शक्ति को समर्पित विशेष कार्यक्रम



**संत हिरदाराम नगर।** 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस नारी शक्ति को नमन करने का एक विशेष दिन है, इस विशेष दिन को और ख़ास बनाने के लिए वोमेंस विंग, प्लेओटल एवं एसडीएफ़सी ड्रीम इवेंट द्वारा लालघाटी स्थित प्लेओटल इन्न एरिया में शाम 4 बजे एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि हमारी संस्कृति में नारी शक्ति का योगदान सर्वोपरि रहा है, इसलिए इस विशेष अवसर पर हम उन समस्त महिलाओं का सम्मान करेंगे जिन्होंने अलग अलग क्षेत्रो में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और अनेकों उपलब्धिया हासिल की है। इसके अलावा महिलाओं के मनोरंजन के लिए विशेष रूप से अलग–अलग तरह के गेम्स, फैशन शो, रेड कारपेट वॉक, डांस वर्कशॉप, लाइव म्यूजिक, गिफ्ट्स, अलग–अलग प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन के साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री कृष्णा गौर विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के दूसरे दिन छात्रों को किया प्रोत्साहित



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने सफलतापूर्वक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के दूसरे दिन का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शैक्षिक और इंटरैक्टिव गतिविधियों में शामिल किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत इस वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार पर वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओ को सशक्त बनाने के अनुरूप नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. सी.वी. रमन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग से हुई। इसके बाद, एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों के वैज्ञानिक ज्ञान की परीक्षा ली गई। साथ ही, वैश्विक नवाचारों में भारतीय वैज्ञानिकों की विरासत विषय पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने भारत के वैज्ञानिक योगदान को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त किया। क्विज प्रतियोगिता के विजेता नेहा मेवाड़ा, साक्षी तिवारी और रोशनी रहीं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता शिवानी पटेल, बुशरा सिद्दीकी और अंजू चौहान रहीं। सभी विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस आयोजन में कुल 127 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने इस तरह के आयोजनों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वे छात्रों में वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाने और उन्हें वैश्विक नवाचारों में योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं।

## माता-पिता को सम्मान देने से मनुष्य को चारों धाम का पुण्य मिल जाता है: कान्हा कौशिक



**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर ओल्ड डेरी फार्म ग्राउंड शिव दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास कान्हा कौशिक महाराज ने शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन किया। महाराज ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार के लिए सत्संग की प्रेरणा देना चाहिए। सत्संग ही जीवन का सार है। अच्छे संस्कारों द्वारा ही मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। उन्होंने आगे कहा कि माता–पिता को हमेशा सम्मान देने वाला व्यक्ति घर में रहकर भी सभी तीर्थ कर लेता है। उसे चारों धाम का पुण्य मिल जाता है। आगे उन्होंने कहा कि बुरी आदतों को छोड़कर मनुष्य को भगवान की भक्ति में लीन रहना चाहिए। कथा में आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं श्रद्धालुओं ने श्रीबांके बिहारी के भजनों पर जमकर नृत्य भी किया। कथा दोपहर 2 बजे से प्रतिदिन चल रही है।

## आकाश एजुकेशनल ने एस्पायरिंग इंजीनियर्स के लिए पेश किया आकाश इनविक्ट- अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन प्रोग्राम



**भोपाल।** परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्व के साथ आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उच्च–स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम–केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मडी एंड सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है; यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी–ड्रिवन एजुकेशन को टॉप–लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को शीर्ष आईआईटी में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त की है।

# फैक्ट्री संचालक ने लगाया शहर का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा प्लांट,10 लाख यूनिट बिजली बनेगी प्रतिवर्ष




**इटारसी।** कीरतपुर स्थित एक्सप्रेस न्यूट्रिमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड एवं खेड़ा स्थित होटल में सोलर प्लांट का शुभारंभ किया । यहां दोनों स्थानों पर संचालक के द्वारा सोलर प्लांट से बिजली का प्रतिवर्ष 10 लाख यूनिट उत्पादन सोलर प्लांट के माध्यम से किया जायेगा। इस दौरान बिजली उत्पादन से करीब 95 लाख रुपये की प्रति बर्ष की फायदा एक्सप्रेस ग्रुप को होगा। 2 दिन पूर्व सोलर प्लांट के शुभारंभ अवसर पर एक्सप्रेस न्यूट्रिमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ( राइस मिल ) एवं खेड़ा स्थित एक्सप्रेस होटल में डेक्सटर केम कंपनी के डायरेक्टर राकेश मेहता के साथ ही एक्सप्रेस न्यूट्रिमेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर शिव भूषण पांडेय,एवं शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने सोलर प्लांट का फीता काटकर शुभारंभ किया।

एक्सप्रेस न्यूट्रिमेंट्स एवं खेड़ा स्थित एक्सप्रेस के डायरेक्टर शिव भूषण पांडेय ने बताया कि सोलर प्लांट लगने से अब हम स्वयं की बिजली का उत्पादन करेगे। उन्होंने कहा हमें जितनी बिजली कि आवश्यकता होगी उतना उत्पादन किया जायेगा, अगर अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होता है तो उसे सरकार को बेच देंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रति माह 7 से 8 लाख यूनिट रुपए की बिजली बनाई जाएंगी।प्रतिदिन 3000 यूनिट बिजली का निर्माण इन सोलर प्लांट से होगा। इस अवसर पर डेक्सटर केम कंपनी के डारेक्टर राकेश मेहता ने बताया कि एक्सप्रेस ग्रुप में पांच सोलर प्लांट लगाये गये है। जिसमे 650 एवं 75 किलो वाट लोड से बिजली बनेगी , जिसमें करीब 10 लाख यूनिट बिजली प्रतिवर्ष बनाई जाएंगी।पाचों प्लांट का सोलर खर्च करीब सवा दो करोड़ रुपये है।अगर अतरिक्त बिजली का उत्पादन होता है तो वह बिजली सरकार को बेची जायेगी। वहीं पर्यावरण को प्रदूषित होने से भी रोका जायेगा।कार्बन को भी बहुत हद तक कम किया जायेगा। उन्होने कहा सरकार की योजना आत्मनिर्भर बनाने की तो सोलर प्लांट लगाने से लोग आत्मनिर्भर बनने के साथ कि सौर्य ऊर्जा से अपना उत्पादन कर रहे है।

इस अवसर पर वारी एनर्जी लिमिटेड के सुमित मेहता , डेक्सटर केम कंपनी के राकेश मेहता , एक्सप्रेस राइस मिल संचालक वेदांत पांडे एवं जनरल मैनेजर नरेश शर्मा, एक्सप्रेस11 होटल के जनरल मैनेजर रोहित कुमार , एवं वेद प्रकाश तिवारी, लखन गिरी , नीलेन्द्र राजपूत , अनवर अली, संजय गावंडे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## महिलाएं समाज की वास्तविक वास्तुकार होती हैं: योग गुरु महेश अग्रवाल



**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि 8 मार्च को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि योग के इतिहास के प्रारम्भ से ही स्त्रियों की प्रमुख भूमिका रही है, उनमें से अनेक तो सन्त और गुरु भी हुई हैं। शिव को तन्त्र एवं योग का अधिष्ठाता एवं गुरु भी माना जाता है। क्या आप जानते हैं, उनके प्रथम शिष्य कौन थे? पार्वती, उनकी प्रतिरूप पत्नी या शक्ति। यदि आप तन्त्र की पुस्तकें पढ़ें तो पायेंगे कि उनका आरम्भ पार्वती ने पूछा से ही होता है। इस प्रकार तन्त्र और योग का ज्ञान सर्वप्रथम एक स्त्री को ही प्रदान किया गया। योग की संस्कृति में जब किसी सम्बन्ध का उल्लेख किया जाता है तो पहले स्त्री का नाम लिया जाता है। हम राम–सीता नहीं, बल्कि सीता–राम, या कृष्ण–राधा नहीं, बल्कि राधा–कृष्ण या शंकर–गौरी नहीं, बल्कि गौरी–शंकर कहते हैं। यदि नारियाँ अधिक संख्या में गुरु बनें तो संसार में दया, प्रेम, सौन्दर्य एवं समझदारी का जीवन होगा ।

# मध्यप्रदेश में नक्सलियों का किया जाएगा खात्मा:मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सीएम मोहन यादव की सुरक्षा में और इजाफा, तीन नए डीएसपी होंगे तैनात, आदेश जारी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीएम डॉक्टर मोहन यादव की सिक्योरटी और बढ़ा दी है।अब सीएम की सुरक्षा में तीन नए डीएसपी तैनात होंगे, जबकि एक डीएसपी को हटाया जाएगा। इस संबंध में गृह विभाग की तरफ से आदेश जारी कर दिए गए हैं।

इस बदलाव के बाद अब सीएम की सुरक्षा का कोटा भी पूरा हो गया है।चुंकी मुख्यमंत्री के सुरक्षा दस्ते में छह डीएसपी के पद स्वीकृत हैं, जिसमें से दो पद रिक्त थे।अब उनकी सुरक्षा में 3 नए डीएसपी तैनात अफसरों किए गए है जिससे जितने पद खाली थे वे भर गए है। वही सीएम की सुरक्षा दस्ते में तैनात भैयालाल प्रजापति को डीएसपी मुख्यालय पदस्थ कर दिया गया है।

### इन 3 अफसरों को मिला सुरक्षा का जिम्मा

मध्य प्रदेश गृह विभाग ने सीएम की सुरक्षा में तैनात एक डीएसपी को हटाकर तीन नए डीएसपी की पोस्टिंग की है। गुरुवार को शासन द्वारा जारी आदेश में एसडीओपी भांडेर-दतिया कर्णिक श्रीवास्तव को उप पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा पदस्थ किया गया है। एसडीओपी पवई-पन्ना सौरभ रत्नाकर और सहायक सेनानी आर-एपीटीसी इंदौर हेमेंद्र सूर्यवंशी को भी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा पदस्थ किया गया है।ये तीनों अधिकारी अभी अलग-अलग जिम्मेदारियों में थे, लेकिन अब इन्हें सीएम मोहन की सुरक्षा में तैनात किया गया है।

### फरवरी में सामने आया था सीएम की सुरक्षा में चूक का मामला

दरअसल, फरवरी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के महाकाल मंदिर के पास रुद्रसागर क्षेत्र में बने सम्राट अशोक सेतु के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा बल भी तैनात किया गया था, इसी दौरान एक संदिग्ध युवक कोट पेंट पहने सुरक्षा घेरा तोड़कर सीएम मोहन यादव के पास पहुंचने की कोशिश कर रहा था, युवक के गले में एक आईडी कार्ड और हाथ में वॉकी-टॉकी भी था। जैसे ही एडिशनल एसपी नितेश भार्गव की नजर उस पर पड़ी पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। इसके बाद युवक को हिरासत में लेकर महाकाल थाना भेज दिया

### प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2026 तक नक्सल मुक्त भारत के संकल्प की पूर्ति में मध्यप्रदेश सक्रिय भूमिका निभाएगा, उच्च स्तरीय बैठक में दिए निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश के लिए भी जिला स्तर और पुलिस मुख्यालय से लेकर राज्य शासन के स्तर पर निरंतर समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास में बैठक लेकर नक्सल उन्मूलन अभियान पर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2026 तक नक्सलियों का पूरी तरह खात्मा करने का संकल्प व्यक्त किया है। मध्यप्रदेश इस दिशा में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करेगा। प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण, दूरसंचार साधनों के विस्तार और आवश्यक जवानों की तैनाती से नक्सल तत्वों पर नियंत्रण में सफलता मिल रही है। विकास कार्य निरंतर जारी रखे जाएं और आधुनिक उपकरणों के उपयोग और क्षेत्र की निरंतर निगरानी से नक्सली तत्वों के खात्मे के लिए प्रयास तेज किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में नक्सलवाद के उन्मूलन का अभियान चल रहा है। प्रदेश में नक्सलवाद के किसी भी कीमत पर पैर जमने नहीं दिए जाएंगे। नक्सलवाद के समूल नाश के लिए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2026 तक नक्सल मुक्त भारत बनाने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए ही केन्द्रीय गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ बैठक आयोजित कर गंभीर विचार-विमर्श किया है। प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुपालन में मध्यप्रदेश को पूरी तरह से नक्सल मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पेशल डीजी श्री पंकज श्रीवास्तव को प्रति पखवाड़े नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में नक्सलियों के विरूद्ध बालाघाट और निकटवर्ती क्षेत्र में हुई कार्रवाई की प्रशंसा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में हाल ही में चार नक्सलियों को मार गिराए जाने की कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों को बधाई दी। मारे गए नक्सलियों से तलाशी में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जप्त किया गया था। छत्तीसगढ़ की सीमा के निकट वन क्षेत्र में पुलिस की नक्सल विरोधी हॉक फोर्स और स्थानीय पुलिस बल द्वारा यह साहसिक कार्रवाई की गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत वर्ष प्रदेश में नक्सलवाद के खिलाफ उठाए गए कदमों को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्यों द्वारा संयुक्त अभियान के माध्यम से नक्सलवादियों के खात्मे के संकल्प पर भी चर्चा हुई।

#### मुख्यमंत्री के अन्य निर्देश

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के निवासियों की आर्थिक तथा सामाजिक प्रगति के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। समन्वित प्रयासों को बढ़ाया जाए। संचार सुगमता के लिए मोबाइल टॉवरों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना के लिए हॉक फोर्स बल में वृद्धि की स्वीकृति की कार्यवाही करें।

प्रदेश से माओवादी समस्या का उन्मूलन सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके दृष्टिगत समवेत प्रयास किए जाएं। नक्सल प्रभावित जिलों में सुदूरवर्ती दुर्गम क्षेत्रों के निवासियों के आवागमन को आसान बनाने के लिए निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना और दूरसंचार विभाग और बीएसएनएल, मध्यप्रदेश परिमंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## भगवान श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए राजस्थान सरकार के साथ मिलकर करेंगे काम : मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण पाथेय के संदर्भ में मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार एकमत है। हम राजस्थान सरकार के साथ मिलकर श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। भगवान श्रीकृष्ण के गुजरात गमन पथ के विकास के लिए हम गुजरात सरकार से सहयोग लेकर इस दिशा में काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का ईश्वरीय स्वरूप तो स्तुत्य है ही, हमारी सरकार उनके दूसरे महत्वपूर्ण पक्षों को भी समाज के समक्ष प्रकाश में लाएगी। इसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उज्जैन में शिक्षा ग्रहण करना, सुदामा से मित्रता निभाना, वनवासी से प्रेम और गुरू-शिष्य परम्परा की मिसाल कायम करने जैसे प्रसंग शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को (समत्व भवन) मुख्यमंत्री निवास में श्रीकृष्ण पाथेय के संबंध में विषय विशेषज्ञ समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए सभी समितियों को सक्रिय किया जाए। पुरातत्वविदों, धर्माचार्यों एवं भगवान श्रीकृष्ण साहित्य के अच्छे लेखकों को भी इस समिति में जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए भोपाल में आयोजित इस बैठक के अलावा उज्जैन और राजस्थान के जयपुर या भरतपुर या ब्रज या चौरासी कोस या अन्य किसी विशिष्ट स्थल पर समिति बैठकें की जाएं। इससे दोनों राज्यों में श्रीकृष्ण पाथेय के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुरा इतिहास में भगवान श्रीकृष्ण का भारत देश (जम्बूद्वीप) के कई क्षेत्रों में आवागमन का उल्लेख मिलता है। समिति भगवान श्रीकृष्ण के उन सभी गमन स्थलों को चिन्हित कर इनका अभिलेखीकरण करें।

## दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस और 3 फर्म ब्लैक लिस्टेड

### औचक निरीक्षण के संबंध में वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इसमें हर माह की 5 और 20 तारीख़ को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

गत दिवस लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा सात जिलों में निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान कुल 34 कार्यों को रैंडम आधार पर चयनित किया गया, जिनमें 14 कार्य पी.डब्ल्यू.डी. सड़क/ पुल, 10 कार्य पी.आई.यू., 8 कार्य म.प्र. सड़क विकास निगम तथा 2 कार्य म.प्र. भवन विकास निगम के अंतर्गत आए। निरीक्षण दलों से प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस बैठक में श्री के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (बी.एंड आर), प्रमुख अभियंता (भवन विकास निगम), उपसचिव लोक निर्माण विभाग, समस्त मुख्य अभियंता एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे। राजगढ़ जिले के छापीखेड़ा-नलखेड़ा मार्ग में सबग्रेड कार्य में बड़े पत्थरों के उपयोग की गड़बड़ी पाए जाने पर कंसलटेंसी एवं एजीएम आरडीसी श्री अभिषेक गोकरू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किये जाने के निर्देश दिए गए। नरसिंहपुर जिले में करेली-सिंहपुर-डांगीढाना मार्ग में सीमेंट कांक्रीट में ज्वाइंट निर्माण में लापरवाही के कारण ओपन हो जाने की शिकायत मिली।

इस पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किये जाने के लिये मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। बुरहानपुर जिले में धूलकोट शिवबाबा इटारिया एवं नरसिंहगढ़ शहरी क्षेत्र में कांक्रीट कार्य की धीमी गति को लेकर भी ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किये जाने के निर्देश दिए गए। गुणवत्ता को लेकर कुछ निर्माण कार्यों की सराहना भी की गई। इनमें नरसिंहपुर जिले के चीचली में उप तहसील कार्यालय भवन का निर्माण और बुरहानपुर जिले में कुटुंब न्यायालय भवन का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण पाए जाने पर उपयंत्री, अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री एवं संबंधित ठेकेदार की प्रशंसा की गई।

निरीक्षणकर्ता अधिकारियों ने यह भी बताया कि कई स्थानों पर जल जीवन मिशन के तहत डाली जा रही लाइनों के कारण सड़कों की खुदाई की जा रही है, लेकिन मापदंडों के अनुसार मरम्मत कार्य नहीं होने से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। इस संबंध में संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई के लियेविभाग को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।।

## मेडिकल कॉलेज श्योपुर और सिंगरौली को प्रारम्भ करने के लिये औपचारिकताएं करें पूर्ण: उप मुख्यमंत्री शुक्ल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन के पात्र प्रस्तावों को शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज श्योपुर और सिंगरौली को आगामी सत्र में प्रारम्भ करने के लिए निर्माण कार्य सहित समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी, संचालक (प्रोजेक्ट) प्रवीण सिंह अढ़ायच सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण किये जाएँ। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पीएचसी एवं सीएचसी में कार्यरत चिकित्सकों की सुविधा के लिए आवासीय परिसरों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिए चिकित्सकों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। इससे चिकित्सकों को बेहतर कार्य वातावरण प्राप्त होगा। ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थान सशक्त होंगे, प्रदेश के हर कोने में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय के लिये यह कारगर कदम है।

### वॉक फॉर हेल्थ, वॉक फॉर अवेयरनेस वॉकथॉन में सहभागिता की उप मुख्यमंत्री ने की अपील



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि महिला स्वास्थ्य किसी भी सशक्त समाज की नींव है। सरकार महिला स्वास्थ्य जागरूकता और देखभाल सुविधा के सशक्तीकरण के लिये सतत प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वॉक फॉर हेल्थ, वॉक फॉर अवेयरनेस वॉकथॉन में सहभागिता की अपील की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शासकीय कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में विकसित किये जा रहे प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी एंड इनफर्टिलिटी सेंटर महिला स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र में महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य समाधान की सेवाएं होंगी। वॉकथॉन का आयोजन 8 मार्च को सुबह 7 बजे अटल पथ (स्मार्ट सिटी, प्लैटिनम प्लाजा) भोपाल से किया जायेगा। वॉकथॉन में महिला स्वास्थ्य, बचावात्मक स्त्री रोग, बांझपन और कैंसर से बचाव के प्रति जागरूकता का प्रसार करने का कार्य किया जायेगा। साथ ही कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में विकसित किये जा रहे प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी एंड इनफर्टिलिटी सेंटर की सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

## अवकाश के दिन में बिजली बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 8 मार्च शनिवार, 9 मार्च रविवार, 14 मार्च होली, 15 मार्च शनिवार, 16 मार्च रविवार, 19 मार्च रंगपंचमी, 22 मार्च शनिवार, 23 मार्च रविवार तथा 31 मार्च ईद-उल-फितर को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश तथा ऑनलाइन भी बिल भुगतान कर सकते हैं।

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक नम्बरों की सूची सभी नम्बर टोल फ्री

| | |
|---|---|
| C M शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 962 |
| पुलिस सेवा | 112,100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन

### नीति के क्रियान्वयन के लिये 14 समितियों का गठन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का क्रियान्वयन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रभावी तरीके से किया जा रहा है। नीति के क्रियान्वयन के लिये राज्य शासन द्वारा आयुक्त और संचालक स्तर की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की 14 समितियाँ गठित की गयी हैं। यह समितियाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न ग्रुप और क्षेत्रों से संबंधित हैं। राज्य शासन ने स्कूल शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में टॉस्क फोर्स का गठन किया है। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पदेन सदस्य हैं। समिति में शासकीय एवं अशासकीय शिक्षाविदों को भी शामिल किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं क्रियान्वयन के लिये सदस्यों के बीच परिचर्चा भी करायी गयी है। इसमें अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के साथ समन्वय में विशेषज्ञ के उद्बोधन कराये गये हैं। उन्मुखीकरण के दौरान एनसीईआरटी के विभागाध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फाउण्डेशनल (एनसीएफ) स्टेज विकास प्रक्रिया और राज्य पाठ्यचर्या फाउण्डेशनल (एससीएफ) स्टेज के बारे में भी जानकारी दी गयी है। केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा-निर्देश अनुसार न्यू एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) ट्रैकर को नियमित रूप से अपडेट किया जा रहा है। राज्य में विशेष आवश्यकता वाले चिल्ड्रन विथ स्पेशल नीड्स (सीडब्ल्यूएसएन) 9550 नये बच्चों की पहचान एवं उनका कक्षा-9 से 12 में नामांकन सुनिश्चित किया गया है। इसी के साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शिक्षण के लिये प्रदेश में 8500 शिक्षकों को वर्ष 2024 में 2 सत्रों में विशेष प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। सभी विकासखण्डों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संसाधन केन्द्र विकसित किये गये हैं। नई शिक्षा नीति में विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा देने पर जोर दिया गया है। प्रदेश में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है। इनमें करीब 4 लाख विद्यार्थियों का इनरोलमेंट किया गया है और उन्हें 14 ट्रेड में व्यावसायिक शिक्षा देने की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश के 798 हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में कृषि संकाय और 465 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कृषि ट्रेड संचालित किये जा रहे हैं। स्टार्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत 100 विद्यालयों में नियमित छात्रों के साथ-साथ ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की भी व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की गयी है। प्रदेश के प्रत्येक सीएम राइज विद्यालय में 2 वोकेशनल ट्रेड्स के लिये लैब निर्मित की जा रही है। विभाग के 52 सीएम राइज विद्यालयों में रोबोटिक्स लैब की स्थापना भी करायी गयी है। वर्तमान में संचालित आईटी कोर्सेस के अलावा पं. सुंदरलाल शर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन के सहयोग से एआई कोडिंग जैसे नवीन पाठ्यक्रम तैयार किये जा रहे हैं। ट्यूनिंग ऑफ स्कूल के अंतर्गत 520 विद्यालयों की ट्यूनिंग की गई है, जिसके अंतर्गत यह विद्यालय आपस में बेस्ट प्रैक्टिस का आदान-प्रदान करते हैं।

## नेशनल लोक अदालत कल

**भोपाल।** आगामी शनिवार 8 मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौतो से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे कानूनी काईवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 हॉर्स पॉवर भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत?येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

# ब्रिटेन में विदेश मंत्री जयशंकर के काफिले को बनाया गया निशाना, स्वतंत्रता के नाम पर असुरक्षा का घेरा

करीब दो वर्ष पहले खालिस्तान समर्थकों ने ब्रिटेन स्थित भारतीय उच्चायोग परिसर में घुस कर तिरंगा निकाल दिया था। उस समय भी भारत ने ब्रिटेन की सरकार से खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने को कहा था।

ब्रिटेन में भारत के विदेश मंत्री के काफिले को खालिस्तानी अलगाववादियों ने जिस तरह निशाना बनाया, उससे साफ है कि वहां की सरकार अपने मेहमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मामले में नाकाम हुई है। भारत की ओर से कनाडा और ब्रिटेन सहित कुछ अन्य देशों में खालिस्तानी अलगाववादी संगठनों के उभार और उन्हें मिलने वाले समर्थन को लेकर आए दिन चिंता जताई जाती रही है। अफसोस की बात है कि इस तरह की चिंता की आमतौर पर अनदेखी की जाती है और कई प्रत्यक्ष घटनाओं के बावजूद उन पर गंभीर कदम उठाने की मांग को दरकिनार कर दिया जाता है।

यही वजह है कि शुरूआत में छोटे स्तर पर अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले उग्रवादी तत्त्वों को अपने पांव पसारने का मौका मिलता है और वे मौका मिलते ही किसी बड़ी घटना को अंजाम देते हैं। भारतीय विदेश मंत्री वहां से सुरक्षित निकल गए, वरना जिस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं, उसमें सुरक्षा घेरे को तोड़ कर काफी करीब पहुंच चुके लोगों के कुछ अप्रत्याशित करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

गौरतलब है कि यूक्रेन-रूस युद्ध और यूरोप में चल रही अशांति के बीच ब्रिटेन पहुंचे भारत के विदेश मंत्री जब एक बैठक में शामिल होकर 'चैथम हाउस' से बाहर निकल रहे थे, तब कुछ खालिस्तानी उग्रवादियों ने उनके सामने नारेबाजी की। बल्कि वहां जो सुरक्षा घेरा था, उसे भी तोड़ कर एक व्यक्ति विदेश मंत्री की कार के सामने आ गया। आखिर इतने अहम मौके और भारत के विदेश मंत्री के वहां से सुरक्षित निकलने में इस स्तर की बाधा आने के लिए किसकी जवाबदेही है।

वहां अगर कोई अप्रत्याशित घटना होती, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता? साफ है कि यह उच्च स्तर पर सुरक्षा में चूक और लापरवाही का मामला है। इस घटना का जो ब्योरा सामने आया है, उससे समूचे प्रकरण में लंदन पुलिस की नाकामी ही उजागर हो रही है। सवाल है कि ब्रिटेन में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के नाम पर किसी तरह की गतिविधि को किस हद तक छूट दी जाएगी। अगर ब्रिटेन की सरकार इस तरह के हालात और आशंकाओं को नजरअंदाज करती है, तो इसके नतीजों का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि ब्रिटेन या कनाडा जैसे कुछ देशों में खालिस्तान समर्थक अलगाववादी कैसी गतिविधियां चलाते हैं और वहां उन्हें किस स्तर पर संरक्षण मिलता है। इस मसले पर भारत की ओर से अक्सर आपत्ति जताई जाती रही है और ऐसे तत्त्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की जाती है। मगर यह अफसोसनाक है कि लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर खालिस्तान अलगाववादियों को फलने-फूलने की परोक्ष इजाजत दी जाती है। छोटे स्तर पर की जाने वाली हरकतों को नजरअंदाज किए जाने का ही नतीजा है कि अब वे बड़े स्तर की गतिविधियों को अंजाम देने लगे हैं। करीब दो वर्ष पहले खालिस्तान समर्थकों ने ब्रिटेन स्थित भारतीय उच्चायोग परिसर में घुस कर तिरंगा निकाल दिया था। उस समय भी भारत ने ब्रिटेन की सरकार से खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने को कहा था। कुछ महीने पहले ब्रिटिश गृह मंत्रालय की एक रपट की खबर सामने आई थी, जिसमें खालिस्तान आंदोलन को उग्रवाद का नया रूप और देश के लिए प्रमुख खतरा बताया गया था। तथ्यगत रूप से इसकी जानकारी होने के बावजूद ब्रिटेन की सरकार भारत के सामने चुनौती रखने वाले किसी समूह को किन कारणों से रियायत दे रही है?

# इतिहास के अंधकार से यह कैसा प्यार?

सरयूसुत मिश्रा



छत्रपति शिवाजी और महाराज संभाजी राव के व्यक्तित्व, कृतित्व और त्याग बलिदान पर बनी छावा फिल्म धूम मचा रही है. लोग इसकी सराहना कर रहे हैं. फिल्म औरंगजेब से लड़ते हुए संभाजी राव के बलिदान को जहां उजागर करती है, वहीं औरंगजेब की क्रूरता पर प्रहार करती है..!!

बस यहीं से सियासी औरंगज़ेब मैदान में आ गए. वोट बैंक सियासत चालू हो गई. औरंगजेब को महान बताने की प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई. समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र में विधायक अबू आज़मी ने यह कह दिया, कि औरंगज़ेब अच्छा मुगल शासक था. इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि आज़मी को महाराष्ट्र विधानसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है.

औरंगज़ेब इस्लाम का प्रवर्तक नहीं था. यह एक मुगल शासक था. इसका इतिहास पिता शाहजहां को क़ैद करने और भाई का सिर कलम करने का रहा है. इतने अंधकार के इतिहास वाले शासक से सियासी प्यार, वर्तमान के साथ एक तरह का फ़रेब कहा जाएगा. कोई धर्मगुरु हो, धर्म का प्रवर्तक हो और उसके विरुद्ध कोई बात कही जा रही हो, तब तो प्रतिक्रिया समझ आती है, लेकिन इतिहास के शासक के लिए वर्तमान सियासी लोगों द्वारा विवाद की स्थिति बुरे वर्तमान की ओर इशारा कर रही है.

इतिहास का कोई ऐसा पक्ष हो, जो उजाले से भरा है, वीरता से भरा है, त्याग और बलिदान से भरा है, तो उसको तो उजागर होना चाहिए, लेकिन अगर इतिहास का कोई अंधकार है, तो उसको सिर पर ढ़ोने का औचित्य समझ नहीं आता. औरंगजेब पर हमेशा विवाद खड़े हो जाते हैं. औरंगाबाद का नाम जो औरंगज़ेब के नाम पर रखा गया था, उसको बदलकर संभाजी नगर कर दिया गया है. उस जिले में औरंगज़ेब की कब्र है, इस पर भी विवाद उठता रहता है.

सियासी औरंगज़ेब कब्र पर जाकर वोट बैंक की राजनीति करते हैं. वैसे तो क्रिया और प्रतिक्रिया साथ चलती है. अगर औरंगजेब समर्थक वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं, तो संभाजी के समर्थक भी इस लक्ष्य पर ही आगे बढ़ रहे हैं. यह बात अलग है, कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की रक्षा के लिए बलिदान के भारतीय महापुरुषों के जीवन प्रकाश को वर्तमान में उजागर करना, स्थापित करना, समाज का बड़ा दायित्व है.

औरंगज़ेब भारत में मुगल शासक था. वह बाहर से आया हुआ था. उसने यहां शासन किया. उसके शासन को भारत ने कभी भी स्वीकार नहीं किया. जो लोग वर्तमान में भारत में रहते हैं, उनका यह राष्ट्रीय धर्म बनता है, कि वह कम से कम देश पर आक्रमण करने के लिए आए किसी बाहरी व्यक्ति पर श्रद्धा कर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा को अपमानित नहीं करें.

मुगल शासकों का इतिहास और वर्तमान में इस्लाम के अनुयायियों को जोड़कर देखना सही नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य से सियासत यही काम कर रही है.

जब भी चुनाव की बेला दिखाई पड़ती है, तो कहीं ना कहीं से हिंदू मुस्लिम के विवाद बढ़ा दिए जाते हैं. यह सब जानते हैं, यह विवाद चुनाव बाद अपने आप समाप्त भी हो जाते हैं, लेकिन इतिहास और विरासत के इस संघर्ष को राष्ट्रहित में तो नहीं कहा जा सकता.

साधारण सी दो कौड़ी की घटनाओं का नाम इतिहास है, जो आज तूफान की तरह उठती हैं और कल जिनका कोई निशान भी नहीं रह जाता. इतिहास तो धूल का बवंडर है. मुगल साम्राज्य का इतिहास भारत का इतिहास नहीं है, जो भारत का नहीं है, उसको आज भारत के लोग अपने सिर पर कैसे ढ़ो सकते हैं.

भारत में अलग-अलग धर्म हैं. धार्मिक मान्यताओं के लिए सबको स्वतंत्रता है. धार्मिक मान्यताओं को मुगल साम्राज्य के इतिहास से जोड़ना ना केवल अनैतिक है, बल्कि समाज और अपने साथ धोखा है.

अच्छी परंपरा, अच्छी संस्कृति, अच्छे शासन को उजागर करने की बात तो हो सकती है. लेकिन आक्रांता को अपने पिता के साथ ही दुर्व्यवहार करने वाले को आदर्श कैसे स्वीकार किया जा सकता है. सियासी कारणों से इतिहास के ऐसे अंधकार को आदर्श बनाना, किसी को भी शोभा नहीं देता.

ऐसा लगता है, सारा झगड़ा भारत की मान्यताओं का है. धर्म की मान्यताओं पर राष्ट्र का अस्तित्व सियासी दलों द्वारा लगा दिया गया है. कोई धर्म अगर अपनी मान्यता के लिए भारत को धूल-धूसरित करने वाले किसी शासक को अपना आदर्श मानता है, तो उसको भारत और भारतीयता कैसे स्वीकार करेगी. हर समाज में ऐसी बुद्धिमत्ता विकसित करनी होगी जो, इतिहास के नाम पर टकराने से बचे. जो सियासी औरंगजेब बनकर अपनी सियासत साधना चाहते हैं, उन्हें भारतीयता को समझना चाहिए.

भारत दुनिया के लिए आध्यात्मिक सूरज है. भारत दुनिया को सत्य को पाने की प्यास देने वाला देश है. जमीन पर कोई कहीं भी पैदा हो, अगर वह भीतर की खोज कर रहा है, तो फिर वह भारत का निवासी बन जाता है. यह कितना दुर्भाग्य जनक है, कि भारत जो दुनिया को आध्यात्मिक चेतना विकसित करने का अवसर दे रहा है, उसी भारत में रहने वाले भारतीयता के विरुद्ध अपराध करने वाले शासक को अपना आदर्श मान रहे हैं.

फ्री स्पीच को भारत में हमेशा से मान दिया जाता रहा है. फ्री स्पीच के नाम पर जिस तरह की सियासत हो रही है, उसने भारत की गरिमा और मर्यादा को नुकसान पहुंचाया है. अब तो हर वही स्पीच हिट होती है, जो हिंदू-मुस्लिम में विभाजन को हिट कर सके. जो जातिवाद को बढ़ाकर वोट बैंक साध सके. भारतीय संस्कृति का सबसे बड़ा महोत्सव महाकुंभ अभी प्रयागराज में संपन्न हुआ है.

वोट बैंक की राजनीति के चलते सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन पर भी टीका-टिप्पणी सियासी औरंगज़ेबों द्वारा की गई. हर कदम पर विभाजन की राजनीति चली गई. यहां तक कि महाकुंभ में संगम स्नान पर जाने या नहीं जाने में भी विभाजन और वोट बैंक की रणनीति का ध्यान रखा गया.

सियासी औरंगजेब के चक्कर में ही सनातन धर्म और हिंदुत्व के विभिन्न त्योहारों और आयोजनों पर हिंदू मुस्लिम राजनीति का साया खड़ा हो जाता है. चाहे कांवड़ यात्रा हो, चाहे महाकुंभ हो, होली, दिवाली, दुर्गापूजा, शिवरात्रि और दूसरे त्योहारों पर हिंदू-मुस्लिमों के बीच तनाव, दंगे-फसाद भारतीय संस्कृति कभी स्वीकार नहीं करती. यह सब शायद इसलिए हो जाते हैं, क्योंकि अभी भी क्रूर शासकों को आदर्श मानने वाली मानसिकता कुछ लोग पाले हुए हैं.

इतिहास की धूल को चेहरों पर लगाने की अब क्या ज़रूरत है. अगर कोई उजला पक्ष है, तो उस पर तो बात स्वीकार हो सकती है, लेकिन भारत का रहने वाला, भारत विरोधी किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार किसी भी शासक को अपना आदर्श कैसे स्वीकार कर सकता है. इतिहास के अंधकार से प्यार, अंधकार की ओर ही ले जाएगा. सभी समुदायों को सियासी विभाजन से अलग होने की जरूरत है. मेरिट की सियासत, इंसान में मेरिट का विकास करेगी. भारत का यह दुर्भाग्य समाप्त होना चाहिए, कि औरंगजेब का नाम लेकर सियासी लोग वोटो की फसल काट सकें.

बाबर की कब्र पर जाकर सजदा पढ़ने वाले भी सियासत में रहे हैं. यह सियासत अब टूट रही है, लेकिन इसकी गति और तेज़ होने की ज़रूरत है. औरंगज़ेब के चिन्ह भारत के चिन्ह नहीं हो सकते. कोई भारतीय इस चिन्ह से अपने को कैसे जोड़ सकता है.

# कांशी राम की विरासत और मायावती की तर्ज़-ए-सियासत



निर्मल रानी



1980 के दशक में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम घूम कर भारतीय समाज को 85-15 का जनसँख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था - वोट हमारा,राज तुम्हारा - नहीं चलेगा,नहीं चलेगा। जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज़ होता गया। यहाँ तक कि %तिलक,तराजू और तलवार जैसा अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में खूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गये। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नये राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज़ परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज़ तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी क़तार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी।तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्रायः देखी जाने लगीं तथा उनके क्रन्तिकारी व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे।

कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफ़ी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज़ तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुये कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें बहन जी के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं। मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन,वही पार्टी अब सत्ता,वैभव,आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नज़र आने लगी। यहाँ तक कि केवल सत्ता हासिल करने के लिये बुनियादी विचारों से भी समझौता करने लगीं। जिस मनुवादी व्यवस्था के विरुद्ध बसपा का जन्म हुआ था, 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में उसी ब्रह्मण समुदाय के समर्थन की ज़रुरत महसूस हुई तो तिलक,तराजू और तलवार जैसा नारा भी बदल गया। 2007 में बहुजन समाज पार्टी, सर्वजन समाज की बातें करने लगी। और यह नया नारा लगा - हाथी नहीं, गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। उस समय उत्तर प्रदेश में 37 प्रतिशत ब्राह्मणों ने पार्टी को वोट दिया था।

परन्तु चार बार देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्य सत्ताधीशों की ही तरह मायावती भी अहंकार के साथ साथ परिवारवाद का भी शिकार होती चली गयीं। कभी अपने को ज़िंदा देवी बतातीं तो कभी अपने भाई व भतीजे के मोह में डूबती नज़र आतीं। कभी अपनी हार का ठीकरा मुसलमानों पर फोड़तीं तो कभी उनपर पार्टी का टिकट बांटने में लोगों से करोड़ों रूपये वसूलने का आरोप लगा। हद तो यह कि अपने जीवनकाल में ही मायावती ने बाबा साहब आंबेडकर व कांशी राम के साथ ही अपनी भी प्रतिमायें लगवा डालीं। जिसतरह कांशी राम को अपने परिवार से अलग उत्तराधिकारी के रूप में मायावती नज़र आयी थीं उस तरह मायावती को परिवार से बाहर अपनी पार्टी का कोई योग्य नेता नज़र ही नहीं आया। और आख़िरकार मायावती के इन्हीं स्वार्थपूर्ण फ़ैसलों के चलते उनकी पार्टी का जनाधार घटता चला गया। पिछले लोकसभा चुनावों से पूर्व जब इण्डिया गठबंधन वजूद में आया तो मायावती उस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनीं। उसी समय यह अंदाज़ा लगाया जाने लगा था कि मायावती भाजपा के प्रति नरम रुख़ अपना रही हैं। इसके पीछे के कारणों से भी अनेक राजनैतिक विश्लेषक बख़ूबी वाक़िफ़ हैं। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी ने मायावती पर बीजेपी को फ़ायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि बीएसपी इंडिया गठबंधन में होती तो पिछले वर्ष हुये लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत नहीं होती। इस आरोप से तिलमिला कर मायावती ने कांग्रेस को ही बीजेपी की बी टीम बता डाला।

सच तो यह है कि मायावती के नेतृत्व में बसपा का न केवल समाज में प्रभाव कम होता जा रहा है बल्कि संगठन भी बिखराव के दौर से गुज़र रहा है। पिछले दिनों जिसतरह उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी मुख्य पदों से हटा दिया और दो दिन बाद ही उन्हें पार्टी से निष्कासित भी कर दिया उससे भी यही सन्देश गया कि मायावती को अपने परिवार के बाहर भी कोई उत्तराधिकारी नज़र नहीं आया और जिस भतीजे को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया भी उससे भी जल्द ही पीछा छुड़ा लिया इस तरह के ढुलमुल फ़ैसलों का प्रभाव निश्चित रूप से पार्टी पर ज़रूर पड़ेगा।

# पंजाब-किसानों का उबाल दमन नहीं, संवाद से थमेगा

ललित गर्ग



पंजाब में आम आदमी पार्टी की नाकामयाबियां, अप्रभावी प्रशासन कौशल, असंवाद, हठधर्मिता एवं दमनात्मक कदमों से अराजकता एवं अशांति का वातावरण उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है आप सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जनता, किसान एवं अधिकारी सभी कोई त्रस्त एवं परेशान है। इसकी निष्पत्ति के रूप में सामने आ रहा है किसानों का आन्दोलन एवं आम जनता का अंतोष। ये वे ही किसान है जिनको भड़काकर, गुमराह करके एवं गलत दिशाओं में धकेल कर 'आप' पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने केन्द्र सरकार के सामने जटिल स्थितियां पैदा की, दिल्ली की जनता का सुख-चैन छीना था एवं खुद किसानों का मसीहा बनने का प्रयास किया था। अब उन्हीं किसानों की समस्याओं को सुनने की बजाय उन पर सख्त दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ करने वाली 'आप' सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है। जैसी करनी वैसी भरनी-यही हश्र हो रहा है आप सरकार की कथनी और करनी में फर्क की राजनीति का। पंजाब की आप सरकार पहले किए गए कई चुनावी वादों को पूरा करने नाकाम रही है, हालांकि, नाटकीयता के प्रति उसकी प्रवृत्ति के अलावा, सभी चुनावी वादे एवं घोषणाएं काफी हद तक असफल रही है। पंजाब में मान सरकार के खिलाफ नाराज किसानों ने मोर्चा खोल दिया है, 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के लिए कूच करने वाले किसानों को भले ही पुलिस ने रोक दिया, चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी हो और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हो। लेकिन बातचीत की बजाय ऐसे दमनात्मक तरीकों से किसान अधिक भडकेंगे। सवाल यह है कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है?

पंजाब में हालात अनियंत्रित, जटिल, अराजक एवं अशांत होते जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। जिन हालातों को दिल्ली की जनता ने लम्बे समय तक झेला, वे ही हालात अब पंजाब के हो रहे हैं। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त एवं आक्रामक बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। सवाल उठाया जा रहा है कि 'आप' सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है या समस्याओं से निपटने में उसकी नाकामी को दर्शाता है? बड़ी-बड़ी आदर्श की बातें करने वाली आप पार्टी का दोगला चरित्र ही उजागर हो रहा है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत एवं जन-जन का सच्चा हितैषी माना जाता रहा है, अब खुद को प्रमुख हितधारकों- किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि किसानों का सबसे बड़ी हितैषी मानने वाली सरकार आज किसानों की दुश्मन कैसे हो गयी? कृषिभूमि पंजाब को कैसे अशांत होने दिया जा रहा है?




आप सरकार द्वारा जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता एवं उपेक्षा दर्शायी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और संघर्ष की स्थितियां ही गहराती है, आन्दोलन एवं विद्रोह भावना भड़कती है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन के दोगलेपन, रीति-नीतियों, झूठे आश्वासनों एवं छलपूर्ण कार्यप्रणाली से जुड़ा है। ये स्थितियां न केवल किसान आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोती हुई प्रतीत हो रही है, बल्कि जिसने पंजाब को नशे का जंगल बना दिया है, आतंकवाद को पनपने दिया एवं महिलाओं को नाराज किया है। निश्चित रूप से अपने राज्य के लोगों के साथ सख्ती का व्यवहार एवं झूठे वायदों ने तंत्र की नाकामी को ही उजागर करता है।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुआ किसान आंदोलन अब उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। इस आन्दोलन से उपजे हालात से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। जाम की बड़ी समस्या पर आम लोग कह रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण एवं हरित क्रांति वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की आक्रामकता के चलते अब अशांत नजर आ रहा है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। अपनी हार एवं नाकामयाबियों से बौखलायी आप सरकार अधिकारियों को निलंबित एवं तबादलें कर रही है, जिससे किसानों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों में भी गहरा असंतोष सामने आ रहा है, वे भी तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं।

पंजाब में आप सरकार की चुनौतियां बढ़ती जा रही है। आम लोग अब बार-बार होने वाले प्रदर्शनों, धरनों और नाकेबंदियों से ऊब चुके हैं। आप शासन की खामियां ही उजागर हो रही हैं, अधूरे वादों, कानून-व्यवस्था या आर्थिक चुनौतियों जैसे मुद्दों पंजाब की शांति को लील रहे हैं। भगवत मान छल और झूठ की राजनीति करते हुए अपने हर वादे से मुकर रहे हैं। दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में भारतीय राजनीति में चमके और दिल्ली के साथ पंजाब में उनकी सरकार बनी। दिल्ली में उनकी सत्ता जा चुकी है। पंजाब की स्थितियां उसके लिये खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी बनती जा रही हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## होली, ईद और रंग पंचमी को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** मंडीदीप शहर में शांति समिति की बैठक इंडस्ट्रीज भवन में आयोजन किया गई जिसमें मंडीदीप सतलापुर आसपास ग्रामीण क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक पहुंचे बैठक में होली एवं ईद के त्योहारों व नगर की समस्याओं को लेकर खुलकर बातचीत हुई बैठक की अध्यक्षता एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने की एसडीओपी शीला सुराणा सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी मंचासीन थे सर्वप्रथम बैठक मै हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह चौहान सचिव अशोक भार्गव ने रंग पंचमी के चल समारोह के बारे में विस्तार से बताया और कहा की हम सबको मिलकर शांतिपूर्वक त्योहार मनाना है प्रशासन ने जो भी गाइडलाइन तय की है उसका पूर्णता पालन करें आपसी भाईचारे के साथ त्योहारों का आनंद लें। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज संरक्षक असलम पठान (मंडी) एवं मुस्लिम समाज अध्यक्ष मो,सोहिल खान ने रमजानो एवं ईद होली के त्योहारों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि ईद एवं होली के त्योहारों को लेकर बैठक में कहा कि हम सभी को मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ हंसी-खुशी त्योहार मनाना है बैठक में व्यापारी संघ अध्यक्ष विमल जैन आल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल पार्षद विनोद चौकसे बद्री मालवीय केपी चौहान अंकित चौरे सचिन राजपूत सहित नगर के पत्रकार बंधु एवं सामाजिक संगठन के लोग सम्मिलित हुए।

**इनका कहना है-** मेरी अपील है कि आप सभी एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखते हुए सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण त्योहार मनाए।

एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव

## नाले में फूटी लाइन को नगर पालिका अध्यक्ष ने खड़े होकर सुधरवाया



**सिरोंज।** मंडी बाईपास रोड पर स्थित नाले में पानी सप्लाई की लाइन लीकेज होने से कुछ दिनों से सप्लाई प्रभावित हो रही थी आसपास के क्षेत्र में जल सप्लाई नहीं हो पा रही थी इसके अलावा नाला भी चौंका होने से पानी भी नहीं निकल पा रहा था। जानकारी लगने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ने मौके पर पहुंच कर इंजीनियर की मौजूदगी में लाइन के लीकेज को ठीक करवा कर नाले की सफाई भी करवाई इसके बाद यहां की समस्या का समाधान होने पर कॉलोनी में जल सप्लाई भी व्यवस्थित रूप से प्रारंभ हो गई है। नाला की सफाई होने से पानी भी निकलने लगा कुछ दिन पहले यहां पर रहने वाले लोगों को मुश्किलों को सामना करना पड़ा सबसे बड़ी परेशानी पानी को लेकर हो रही थी।

## वाल्मीकि महासभा के प्रदेश महासचिव बने सुनील वाल्मीकि



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कसौरिया की अनुशंसा पर भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सुनील वाल्मीकि को अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया।औबेदुल्लागंज सर्किट हाउस में हुई विशेष बैठक में संस्था के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश महासचिव का नियुक्ति पत्र सामाजिक लोगों की उपस्थिति में सुनील वाल्मीकि को सौपा वही नगर के समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधुओ ने बधाई दी।

## कांग्रेस कमेटी बिछिया ने गांधी वादी तरीके से पैदल मार्च निकालकर मंत्री प्रहलाद पटेल का किया विरोध

**मंडला।** मप्र की मोहन यादव सरकार में पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान को लेकर प्रदेश में राजनीति गरमा गई है। शनिवार को मंत्री पटेल ने गुना के सुठालिया में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर उन्होंने विवादित बयान दे दिया।उन्होंने कहा कि अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है।नेता मंच पर आते हैं तो लोग माला पहनाएंगे और पत्र पकड़ा देंगे,जिसमें कोई न कोई मांग होगी। जैसा कि आप सभी को विदित ही होगा कि म.प्र.सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा एक निंदनीय वयान दिया गया जिसमें उनके द्वारा जनता द्वारा सरकार से की जाने वाली मांगों को भीख मांगना बताया गया है। यह आमजन का अपमान है।सत्ता के नशे में चूर ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के इस बयान के विरोध में म.प्र.कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के द्वारा बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा की उपस्थिति में काली पट्टी बांध कर गांधी गेट से गांधी चौक तक पैदल मार्च निकालकर गांधी वादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया तथा भाजपा शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल से इस्तीफे की मांग की गई।

# छतरपुर 1 कोयला खदान में बड़ा हादसा असिस्टेंट मैनेजर माइनिंग सरदार और ओवरमैन की मृत्यु






**योगेश गुप्ता बैतुल सांध्य प्रकाश।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के पाथाखेड़ा में स्थित डब्ल्यूसीएल की छतरपुर 1 कोयला खदान में गुरुवार दोपहर में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां खदान का रूफ गिरने से खदान में कार्यरत असिस्टेंट मैनेजर, माइनिंग सरदार और ओवरमैन की मृत्यु हो गई। घटना के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में अन्य कामगारों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक, कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंच गए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि यह हादसा छतरपुर वन खदान के सीएम सेक्शन में दोपहर करीब 3 बजे हुआ है। इसकी सूचना देरी से माइन रेस्क्यू टीम को दी गई। हालांकि सूचना मिलते ही रेस्क्यू और एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंच गई। घटना खदान के मुहाने से करीब 3.5 किलोमीटर की दूरी पर कंटीन्यूअस माइनर सेक्शन में हुई।

खदान में गिरा दस मीटर का रूफ यहां करीब 10 मीटर का रूफ गिरा है। यह सेक्शन जॉय माइनिंग सर्विस का है। यह मशीन ऑस्ट्रेलिया की है। जबकि कंपनी कोलकाता की बताई जा रही है। कोयला खदान दुर्घटना की सूचना मिलते ही यूनियन नेता और पुलिस खदान व अस्पताल की ओर दौड़ पड़े थे।

**कलेक्टर सूर्यवंशी के निर्देश पर रेस्क्यू ऑपरेशनः** छतरपुर खदान में हुई घटना की जानकारी प्राप्त होने पर विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया घटना स्थल पर पहुंचे। कलेक्टर सूर्यवंशी के निर्देशानुसार त्वरित रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें खदान कार्यरत लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला पाया गया।

### तीन अधिकारियों-कर्मचारियों की मृत्यु

प्राप्त जानकारी के अनुसार खदान धंसने की घटना में तीन लोग गोविंद कोसरिया पद असिस्टेंट मैनेजर उम्र-37 वर्ष, रामप्रसाद चौहान पद माइनिंग सरदार उम्र 46 वर्ष और रामदेव पंडोले पद ओवरमैन उम्र 49 वर्ष की मृत्यु हुई है।

### विधायक योगेश पंडाग्रे ने जीएम को दिए यह निर्देश

विधायक डॉ. पंडाग्रे और कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जीएम वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड को लाइफ कवर स्कीम डेढ़ लाख की सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही एक्स ग्रेसिया, ग्रेच्युटी, कंपनसेशन और पीएफ, लाइफ इनकेशमेंट की राशि भी यथा शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# 12 जिलों के 150 धान उपार्जन केंद्रों और 140 वेयर हाउस पर ईओडब्ल्यू की छापेमारी, धान खरीदी में बड़ा घोटाला

### किसानों का फर्जी रजिस्ट्रेशन, ट्रांसपोर्ट, वेयर हाउस और राइस मिल का फर्जी रेकॉर्ड बनाकर गड़बड़ी

**जबलपुर।** आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने गुरुवार को प्रदेश में बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 जिलों की 150 धान उपार्जन समितियों और 140 वेयर हाउस पर एक साथ छापेमारी की। अब तक की कार्रवाई में 19,910.53 क्विंटल धान की हेराफेरी के प्रमाण मिले, जिसकी कीमत करीब 5 करोड रुपए आंकी गई। सतना के एक वेयर हाउस में धान के स्थान पर 535 क्विंटल भूसी पाई गई।

इस घोटाले पर कार्रवाई के निर्देश के बाद ईओडब्ल्यू ने 25 टीम में बनाकर प्रदेश व्यापी कार्रवाई की। बालाघाट, जबलपुर, डिंडोरी, रीवा, सतना, मैहर, सागर, पन्ना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, श्योपुर आदि 12 जिलों की 150 उपार्जन समितियां एवं 140 वेयर हाउस को चेक किया गया। अभी तक की कार्रवाई में 19,910. 53 क्विंटल धान की बड़ी हेराफेरी पकड़ में आई है। सतना जिले के कनक वेयर हाउस में 535 क्विंटल धान के स्थान पर भूसी मिली। वेयर हाउस में सेवा सहकारी समिति पिंडरा एवं सेवा सहकारी समिति हिरौंदी जिला सतना द्वारा इस धान का भंडारण किया गया था।




पांच विभिन्न उपार्जन समितियां के 79 से अधिक पदाधिकारी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। ईओडब्ल्यू की 25 टीमों द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है और कई समितियां में घोटाला पाए जाने की आशंका मिली है। जानकारी मिली कि कई धान उपार्जन समितियां द्वारा किसानों का फर्जी रजिस्ट्रेशन कर बिना धान लिए ही उपार्जन पोर्टल पर फर्जी प्रविष्टि कर दी जाती है। इसके बाद ट्रांसपोर्ट एवं वेयर हाउस का भी फर्जी रिकॉर्ड तैयार कर लिया जाता है। समितियों द्वारा प्रविष्टि की गई मात्रा के अनुसार उसका फर्जी भुगतान भी कर दिया जाता है।) इस फर्जीवाड़े से शासन को हर साल करोड़ों की आर्थिक क्षति पहुंचती है। इस फर्जीवाडे में उपार्जन समिति के पदाधिकारियों के अलावा कुछ ट्रांसपोर्टर, वेयर हाउस तथा राइस मिलों के भी शामिल होने की आशंका है। यह कार्रवाई अभी जारी है और कई समितियां में घोटाले पाए जाने की संभावना है। ट्रांसपोर्टर वेयर हाउस तथा राइस मिलों की भूमिका के संबंध में भी जांच की जा रही है।

## भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का सरदारपुर प्रथम आगमन पर अनेक मंचों से हुआ स्वागत



**धार।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त धार जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सरदारपुर क्षेत्र के दौरे पर आए। पहली बार आगमन पर गुरुवार को राजगढ़ उदय पैलेस में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर और केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके नव निर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती और ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार विशेष रूप से मौजूद रहे। स्वागत रैली सरदारपुर विधानसभा शेत्र फूलगावड़ी चौकड़ी से जननायक टंट्या मामा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सरदारपुर होते हुए शनिमंदिर राजगढ़ मेनरोड से उदय पैलेस गार्डन में सम्मान समारोह व विधानसभा भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन को अतिथियों ने संबोधित किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि आने वाले समय में इस विधानसभा में भी भाजपा का कमल खिलेंगा हम सब यह संकल्प लेने की पांच से लेकर विधायक पद तक भाजपा का कार्यकर्ता निर्वाचित हो। सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एकात्मक मानववाद के दर्शन हो रहे हैं। केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में डॉ मोहन यादव जी की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रचार प्रसार कर बूथ स्तर तक पहुंचाए।

### राजधानी में 16 वें वित्त आयोग की अध्यक्षता में बैठक

## प्रदेश की सभी नगरपालिकाओं की ओर से इटारसी नपा अध्यक्ष चौरे ने रखी वित्त आयोग के सामने बात

**सांध्य प्रकाश.इटारसी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की बैठक बुधवार को भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में 16वें वित्त आयोग अध्यक्ष अरविंद पनगढिया व सभी सदस्य मौजूद रहे, प्रदेश के नगरीय निकायों (यू एल वी)के विकास को लेकर वित्तीय कार्ययोजना पर सभी साथियों से चर्चा हुई। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सभी नपध्यक्षों की ओर से वित्त आयोग के सामने बजट पर अपनी बात रखी। चौरे ने कहा कि समय पर बजट आवंटन मिलने और ज्यादा बजट मिलने जैसे मुद्दे पर अपना उद्बोधन दिया। श्री चौरे ने सालाना 13 प्रतिशत टैक्स बढोतरी पर ही ग्रांट मिलने का मुददा उठाया। उन्होंने कहा कि यह कम होकर 7 से 8 प्रतिशत ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर निकाय की परिस्थिति अलग अलग होती है, छोटे निकाय सालाना इतना टैक्स नहीं बढा सकते। बैठक में प्रधानमंत्री के सशक्त नगर, समृद्ध भारत विजय को साकार करने का मंथन हुआ। इटारसी की आधारभूत संरचना मजबूत करने ओर विकास को गति देने पर चर्चा हुई। बैठक में संजय कुमार शुक्ल, सीबी चक्रवर्ती सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। इटारसी नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने यह मांग भी रखी कि बजट आवंटन के समय योजना के तहत खर्च करने की बाध्यता से परेशानी आती है, इसलिए इसमें छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि अभी जल के लिए जो फंड आता है उसका उपयोग अन्य स्थान पर नहीं कर सकते। जबकि निकायों में अन्य कार्य जैसे पार्क, स्टेडियम, नगरपालिका को डिजिटल करने जैसे अनेकों कार्य होते हैं।




इसलिए इसमें छूट मिलनी चाहिए।

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि 15वे वित्त का फंड देरी से आता है इसलिए काम समय पर नहीं हो पाते हैं, यह अप्रेल माह में मिल जाए तो कार्यो में विकास शीध्र होगा।अभी जनवरी तक फंड आता है तो दिक्कत होती है।इस संबंध में वित्त आयोग के अधिकारियों ने कहा कि फंड जैसे ही आता है हम मात्र 15 दिन के अंदर निकायों को जारी कर देते हैं। अध्यक्ष चौरे ने निकायों की ओर से कहा कि सभी नगरपालिकाएं अच्छे कार्य कर रही है,खेल स्टेडियम, पार्क, जल संरक्षण, सौलर एनर्जी के लिए काम किए जा रहे हैं। नागरिकों को घर बैठे सारी सुविधाएं मिले इसके लिए नगरपालिकाएं डिजिटल हो रही हैं। चौरे ने कहा कि अभी वित?त आयोग के लिए 70 प्रतिशत फंड ग्रामीण व 30 प्रतिशत फंड शहरी क्षेत्र में देते हैं, यह बढाकर शहरी क्षेत्र में 40 प्रतिशत होना चाहिए। इसके पीछे उन्होंने तर्क देते हुए कहा शहरों का धनत्व बढ रहा है, ग्रामीण भी शहर में आकर बस रहे हैं, जिससे यहां सुविधाएं बढाई जानी चाहिए। इस दौरान मप्र के समस्त नगर पालिका अध्यक्ष, वित्त विभाग के अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जेआयटी बोरावां में छः दिवसीय वार्षिकोत्सव ''विहंगम 2025'' का शुभारंभ

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण के साथ 12 मार्च को होगा समाप्त



**खरगोन।** जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां का वार्षिकोत्सव ''विहंगम 2025'' का बुधवार 5 मार्च को मॉ सरस्वती के पारंपरिक पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संस्थान प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय, डीन डॉ. सुनील सुगंधी, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, फेकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। विहंगम 2025 के इंचार्ज प्रो. नरेन्द्र कुशवाह एवं प्रो. आदर्श बोर्डिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 दिवसीय विहंगम 2025 वार्षिकोत्सव समारोह में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा उत्साह पूर्वक सहभागिता कर विभिन्न खेलकूद, अकादमिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लिया जावेगा। प्रतिदिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुस्कृत भी किया जावेगा।

वार्षिकोत्सव प्रभारी प्रो. आदर्श बोर्डिया ने आगे बताया कि दिनांक 5 मार्च को वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत ट्रेजर हंट, क्रिकेट, बेडमिंटन, शतरंज एवं कैरम की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। गुरूवार दिनांक 6 मार्च को वादन, नाटक, मिमिक्री, कबड्डी, खो-खो एवं वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है। शुक्रवार 7 मार्च को टेक फेस्ट, सौंदर्य प्रतियोगिता, मेंहदी, रंगोली, रोडीज एवं वाद विवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित होगी। इसके उपरांत 8 मार्च को फूड फेस्टीवल फंकी डे, टग ऑफ वार, एवं नेटबॉल प्रतियोगिताएँ होगी। सोमवार 10 मार्च को नृत्य एवं गायन, जुगाड़ क्रिएशन, सहित विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगें। मंगलवार 11 मार्च को ट्रेडिशन डे एवं रील मास्टर की प्रतियोगिताएँ होगी।

वार्षिकोत्सव प्रभारी प्रो. नरेन्द्र कुशवाह ने बुधवार 12 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रंगारंग पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होगा। जिसमें पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव, मप्र के पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव सहित प्रतिष्ठित कंपनियों के सीईओ एवं देश प्रदेश के प्रतिष्ठत उपक्रमों में अपनी सेवाएँ प्रदान करने वाले संस्था के एलुमिनी भी उपस्थित रहेंगें। जो विद्यार्थियों को अपना मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगें।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न दिए गए अहम् दिशा-निर्देश

**दमोह।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, जनपद अध्यक्ष प्रीती कमल ठाकुर, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे,एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, सहित समिति सदस्यगण एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक में सांसद राहुल सिंह ने कृषि अधिकारियों से कहा है की मक्का की खेती को प्रोत्साहन के लिए पूर्व बैठक में निर्देश दिए गए थे, इसमें बेहतर काम किया जाए इसमें काफी संभावना है। उन्होंने बालाकोट से चिरई मनका, बटियागढ़-सौरई आदि अन्य मार्गो का प्रधानमंत्री सड़क में शामिल करने परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के स्टापडेम और जलाशयों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि इनमें जो आवश्यक कार्रवाई है सुधार आदि कराई जाए।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने नर्मदा सुनार नदी को जोड़ने के संबंध में चर्चा करते हुए नदी जोड़ने क संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा जितने भी हैंडपंप है, जिनका सुधार आवश्यक है, अभी ही करा लिए जाएं। सांसद लोधी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलकर वसूली के लिए सभी से मिलकर प्रयास करने की बात कही। उन्होंने 7 मार्च को जन औषधि केंद्र में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम रखने की बात करते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम में आवश्यक रूप से शामिल होंगे।



दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा मुख्य रूप से जो अमृत सरोवर और तालाब की जांच का विषय आया उसमें टीम गई हुई है, और यह भी तय किया गया है, 113 अमृत सरोवर पूरे दमोह जिले में बने हुये थे, जो 08 तालाब है, उनकी जांच होने के बाद टीम गठित होकर सभी 113 तालाबों की जांच होगी, यदि कहीं उनकी गुणवत्ता और उनके कार्य में यदि कोई कमी पाई जाती है तो जो भी दोषी होगा, जिन्होंने काम किये है और जो भी अधिकारी दोषी पाया जाएगा उन पर कार्रवाई होगी, प्रारंभिक रूप से यह तय किया गया है। उन्होने कहा सहयोग से ओवरब्रिज की लाईट चालू हुई है, दमोह बेहतर हो, व्यवस्थाएं बेहतर हो उसके लिये सभी जनप्रतिनिधि लगे हुये है, जो भी बेहतर होगा जनप्रतिनिधि के तौर पर करेंगे।

उन्होंने कहा अलग-अलग विभागों की समीक्षा बैठक होती रहती है कि किस प्रकार से पानी की व्यवस्था बेहतर की जाए, पंचमनगर बांध के विषय में वहां पर पाइप लाइन नहीं बिछ पा रही है, उसको लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा निरंतर अलग-अलग विभागों की समीक्षा बैठक लेकर काम अच्छी तरह से हो जाए, सारी योजनाएं जमीन पर उतर जाएं, इसको लेकर हर 3 माह में दिशा की बैठक होती है। मुख्य रूप से पराली का विषय बार-बार आ जाता है, खेती-किसानी का काम जब पूरा हो जाता है और जब गेहूं कट जाता है, उसके बाद जो बचता है, उसको जला देते हैं, उसमें भी गाइडलाइन तय की गई है, जिससे वातावरण भी खराब ना हो। एक बड़ा विषय है जो पिछली बार मॉडल रोड का आया था, उसका कार्य भी प्रारंभ हो गया है, खंबे गढ़ रहे हैं, मॉडल रोड भी बनकर तैयार हो जाएगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा आज जिला निगरानी समिति की बैठक हुई है जिसमें मुख्य निर्णय लिया गया है कि जो किसान गेहूं की फसल के बाद नरवाई में आग लगा देते हैं उन्हें मुख्य रूप से जागृत करना है, कि नरवाई में आग नहीं लगानी है, इससे मृदा संरक्षण में हानि होती है और आने वाली फसल में भी हानि होती है। उन्होंने कहा जिन जगहों और स्कूलों के लिए सड़कें नहीं है, उनके लिये सड़क निर्माण हो सके, गर्मी का सीजन आने वाला है उसके लिए भी निर्णय दिए गए हैं जहां-जहां पाइपलाइन खराब है या जहां पर नलकूप की व्यवस्थाएं नहीं है वह व्यवस्था की जाए और पीने योग्य जल हर घर में पहुंचे।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा बैठक में विभिन्न विकास योजना और हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा सांसद जी ने की है। विभिन्न कार्यों के संबंध में उन्होंने महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं, खासतौर से नरवाई जलाने के संबंध में, हार्वेस्टर के रेगुलेशन के संबंध में, तालाबों की जांच के संबंध में कई चीजों में उन्होंने समय सीमा के साथ निर्देश दिए हैं, कि इतने समय के अंदर यह काम हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा पूरी टीम का प्रयास रहेगा कि जो समय सीमा निर्धारित की गई है और जो निर्देश दिए गये हैं, उनका पालन करेंगे अगली बैठक से पहले सारे मुद्दों पर कार्रवाई हो जाए यह सुनिश्चित किया जायेगा।

आयोजित बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने आवास प्लस 2024 सर्वे के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी जगह सर्वे की कार्रवाई जारी है, हितग्राही भी ऑनलाइन एंट्री कर सकता है, इस हेतु कैंप भी लगाए जा रहे हैं। अब तक 91 हजार सर्वे का कार्य हो गया है, ग्राम सर्वे की तिथियां तय कर उनका प्रचार प्रचार भी कराया गया है। बैठक में समिति के सम्माननीय सदस्यगण और जिला अधिकारी मौजूद रहे।

## आगामी त्योहार होली पर रायसेन आबकारी विभाग सक्रिय

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन मैं वंदना पाण्डेय सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश से कंट्रोलर सुदीप तोमर के निर्देशन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्व मे दो आबकारी उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है जो अवैध शराब प्रतिदिन कार्यवही करेगा पर जिसके द्वारा जिले मे मंडीदीप अंतर्गत झिरी के जंगलों मैं और बेगमगंज स्थित सीता पार ग्राम मैं दबिश दी गयी जिसमे 14 प्रकरण दर्ज हुए 6 लोगो को मोके पर गिरफ्तार किया गया कार्यवाही मे 270 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जब्त की गई एवं लगभग 3000 महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया जिसका मूल्य 354000 रुपये है,कार्यवाही मैं उड़न दस्ता दलों का नेतृत्व रविंद्र अहिरवार आबकारी उप निरीक्षक एवं मुकेश श्रीवास्तव आबकारी उप निरीक्षक द्वारा किया गया कार्यवाही से होली पर अवैध शराब विक्रय में अंकुश लगेगा पूर्व मे भी आबकारी विभाग की कार्यवाही मैं बमोरी के जंगलों में पड़ाव के जंगलों, सिंधी कैंप, बाड़ी ,अमरवाद, सोन्थर सोसाइटी



कामतोंन कसिया सेमरी पंप हाउस,तामोट, सररई, , अर्जुन नगर ,मंडीदीप नया पुरा दिवटीया जैसे कच्ची एवं अवैध शराब के विक्रय स्थलों पर बड़ी कार्यवाही की गई थी जिसमे कई सौ लीटर अवैध शराब एवं हजारो किलो महुआ लहान जब्त किया गया था इस प्रकार की बड़ी कार्यवाही से अवैध शराब के निर्माण विक्रय संग्रहण एवं परिवहन मैं कमी आएगी सहायक आयुक्त आबकारी वंदना पाण्डेय द्वारा बताया गया कि आगामी होली पर्व के मद्देनजर विशेष उड़ान दस्तक दलों का गठन किया गया है जो प्रतिदिन ऐसी कार्यवाही करेंगे।

## गोविंद डेरी की ग्रैंड ओपनिंग

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में कई डेरिया दूध का संचालन कर रही है। वही भोपाल शहर पंचशील नगर में आज गोविंद डेरी का भव्य शुभारंभ हुआ। आज उद्घाटन के अवसर पर पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने अरविंद काटकर डेरी का उद्घाटन किया। आज इस अवसर पर डेरी के संचालक गोविंद कहारे बताया कि हमारे गोविंद डेयरी मैं शुद्ध दूध मावा दही छाछ और पनीर के आइटम मिलते हैं यह पूर्णत शुद्ध और ताजा दूध से प्रोडक्ट बनाए जाते हैं। हमारी डेरी का विश्वास ही जनता का भरोसा है तो एक बार अवश्य इन प्रोडक्ट का जायजा अवश्य ले।

## इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की फिल्म नादानियां का एल्बम हुआ रिलीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नादानियां का जादू सभी के सर चढ़ कर बोल रहा है इश्क में और ग़लतफहमी से श्रोताओं को दीवाना बनाने के बाद इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की शानदार फिल्म नादानियां अपने अगले मनमोहक साउंडट्रैक के साथ दिलों को जीत रही है जो संगीत की गहराइयों को छू रहा है इस एल्बम को मशहूर संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है जिसमें अमिताभ भट्टाचार्य के बेहतरीन गीतों का जादू शामिल है यह साउंडट्रैक प्रेम, तड़प, उलझन और खुशी जैसे एहसासों को धुनों के तार में बड़ी खूबसूरती से पिरोता है नादानियां का संगीत आपको अनेकों भावनाओं की गहराइयों तक ले जाएगा, जहां हर एक पल जादुई और यादगार बन जाएगा। तो तैयार हो जाइए इस सुनहरे संगीतमय सफर के लिए। इस एल्बम के लॉन्च पर बात करते हुए इब्राहिम अली खान ने कहा नादानियां एक शानदार एल्बम है जो प्यार, उम्मीद, उलझन और दिल टूटने जैसी भावनाओं को बड़ी खूबसूरती से बयां करती है इस फिल्म का संगीत इसकी जान है और यह मेरे दिल के बहुत करीब है।

## एचएफसीएल ने महाकुंभ 2025 में निर्बाध संपर्क और सुरक्षा समाधान की पेशकश की

**नई दिल्ली।** अग्रणी टेक्नोलॉजी एंटरप्राइस और एकीकृत अगली पीढ़ी के संचार सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली कंपनी एचएफसीएल लिमिटेड (एचएफसीएल) ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में जबरदस्त कनेक्टिविटी को समर्थ बनाया जिससे 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन वाले दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन को सहयोग मिला। इस सॉल्यूशन की अवधारणा और पेशकश अग्रणी ऑपरेटरों में से एक की साझीदारी में की गई जिसने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम की जरूरतों को पूरा किया। इसके अलावा, एचएफसीएल ने एक अग्रणी ढांचागत सुविधा प्रदाता की साझीदारी में शीर्ष सुरक्षा ढांचा सॉल्यूशंस की भी पेशकश की। इन सॉल्यूशंस की तैनाती से इस वृहद स्तर पर उच्च निष्पादन वाले नेटवर्क सॉल्यूशंस को उपलब्ध कराने के लिए देशज टेक्नोलॉजी का उपयोग करने में एचएफसीएल की विशेषज्ञता का पता चलता है।

## कलर्स की अभिनेत्रियों ने सशक्तिकरण और सीमाओं को तोड़ने पर साझा किए अपने विचार

**मुंबई, एजेंसी।** रुबीना दिलैक, जो कलर्स के 'लॉफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेमेंट' में नजर आ रही हैं, ने कहा, मैं एक ऐसे घर में पली-बढ़ी हूं जहां महिलाओं की चलती हैं और पुरुष हमारी सफलता देखकर गर्व महसूस करते हैं। मेरी दादी हमारे परिवार की रीढ़ हैं, और हमारी पीढ़ी की हर महिला—चाहे वह मेरी मां हों, मेरी बुआएं हों, या अब मैं—हम सभी को केवल प्यार से ही नहीं, बल्कि सच्चे सम्मान के साथ रानी की तरह रखा गया है। हमारे जीवन के पुरुष—मेरे पति, मेरे पिता, मेरे ससुर—सिर्फ हमारी ताकत को स्वीकार ही नहीं करते, बल्कि उसे बढ़ावा भी देते हैं। ऐसा हर जगह होना चाहिए। लॉफ्टर शेफ्स में हर सेलिब्रिटी मुझे बॉस लेडी के रूप में देखता है, और यही माहौल हर महिला को मिलना चाहिए। महिला दिवस सिर्फ एक दिन मनाने का नहीं, बल्कि सोच बदलने और सम्मान व सशक्तिकरण को रोजमर्रा की वास्तविकता बनाने का अवसर है। हर महिला के लिए मेरा संदेश यही है—दुनिया के आपको पहचानने का इंतजार मत कीजिए, खुद अपनी पहचान बनाइए और एक-दूसरे को ऊपर उठाइए।

## सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स को किया सम्मानित

**मुंबई, एजेंसी।** बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सांविधिक निकाय, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए) ने टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) के सहयोग से नई दिल्ली में लाइनमैन दिवस के 5वें संस्करण का आज सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह खास दिवस भारत के बिजली क्षेत्र की रीढ़ माने जाने वाले लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस कर्मचारियों के अमूल्य योगदान की सराहना करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर देश भर के 45 से अधिक सरकारी और प्राइवेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन, जेनरेशन और ट्रांसमिशन कंपनियों के 180 से अधिक लाइनमैन निर्बाध बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के अपने अनुभव, चुनौतियों और महत्वपूर्ण क्षणों को साझा करने के लिए एक साथ आए।

### विकास को मिलेगी नई रफ्तार

# मप्र और उप्र के दो प्रमुख शहरों के बीच बनेगा 526 किमी का आधुनिक हाईवे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भोपाल और कानपुर के बीच 526 किलोमीटर लंबा 4-लेन इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य यात्रा को तेज और सुविधाजनक बनाना है। यह परियोजना 3,589.4 करोड़ रुपये की लागत से चार चरणों में तैयार होगी, जिसमें मध्यप्रदेश में 360 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। यात्रा के समय में लगभग 2 घंटे की कमी आएगी, हालांकि दूरी में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। कॉरिडोर को 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के दो प्रमुख शहरों, भोपाल और कानपुर, के बीच एक विशाल 4-लेन हाईवे बनाने का कार्य चल रहा है। यह हाईवे 526 किलोमीटर लंबा होगा और इसे इकोनॉमिक कॉरिडोर नाम दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य इन दोनों शहरों के बीच यात्रा को अधिक सुविधाजनक और तेज बनाना है। इस कॉरिडोर के बन जाने से, हालांकि शहरों के बीच की दूरी में ज्यादा कमी नहीं आएगी, लेकिन यात्रा का समय लगभग 2 घंटे कम हो जाएगा।

**कॉरिडोर की वित्तीय मंजूरी और निर्माण योजना:** केंद्र सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 3,589.4 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। यह इकोनॉमिक कॉरिडोर चार चरणों में बनकर तैयार होगा, और पहले चरण का काम पहले ही शुरू हो चुका है।

**मध्यप्रदेश में 360 किमी का निर्माण:** भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर में मध्यप्रदेश में लगभग 360 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क चार चरणों में बनकर तैयार होगी, जो भोपाल से विदिशा, ग्यारसपुर, सागर, और छतरपुर के सतई घाट होते हुए उत्तरप्रदेश के कैमाहा तक जाएगी। इसके बाद, 165 किमी की दूरी तय कर यह कानपुर से जुड़ जाएगी। इस मार्ग में सागर-कबरई हाइवे भी शामिल होगा, जो छतरपुर से गुजरता है।

### 2026 तक पूरा होगा कॉरिडोर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जनवरी 2023 में इस इकोनॉमिक कॉरिडोर की घोषणा की थी। वर्तमान में, भोपाल और कानपुर के बीच केवल 2-लेन सड़क है, लेकिन अब इसे चौड़ा करके 4-लेन बनाया जाएगा। इससे यातायात की गति तेज होगी और यात्रा के दौरान समय की बचत होगी। इस इकोनॉमिक कॉरिडोर को 2026 तक पूरी तरह से पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## पीएचक्यू ने 64 सहायक उप निरीक्षकों को उप निरीक्षक के उच्च पद का दिया प्रभार

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने मध्य प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर पदस्थ 64 सहायक उप निरीक्षकों को उप निरीक्षक के उच्च पद का कार्यवाहक प्रभार देने संबंधी आदेश आज जारी किए हैं।

| स.क्र. | स.क्र. 01.01.21 | कर्मचारी का नाम | जन्मतिथि | सउनि के पद पर पदोन्नति पर आमद दिनांक | वर्तमान पदस्थापना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 48 | मोतीलाल [illegible] | 01-02-1965 | 18-04-2011 | DEWAS |
| 2 | 195 | संजीव कुमार पाटिल | 07-07-1978 | 04-10-2011 | BADWANI |
| 3 | 319 | विपिन वर्मा | 12-06-1975 | 08-11-2011 | JHABUA |
| 4 | 516 | उत्तम सिंह कुशवाह | 01-12-1964 | 26-05-2012 | GUNA |
| 5 | 1172 | [illegible] सिंह राजपूत | 13-07-1965 | 03-11-2012 | DHINDORI |
| 6 | 1384 | [illegible] | 15-01-1970 | 11-12-2012 | ASHOKNAGAR |
| 7 | 1497 | सतेन्द्र कुमार गौड़ | 06-12-1964 | 18-01-2013 | GUNA |
| 8 | 1680 | मिथलेश वाजपेयी | 01-07-1974 | 13-04-2013 | INDORE |
| 9 | 1781 | [illegible] उर्फ शांता | 23-07-1968 | 04-05-2013 | BETUL |
| 10 | 1791 | [illegible] टोप्पो | 01-06-1977 | 08-05-2013 | INDORE |
| 11 | 1861 | जवाहर सिंह महोनिया | 01-07-1971 | 10-06-2013 | SHEOPUR |
| 12 | 1892 | उमेश कुमार शर्मा | 10-08-1970 | 18-06-2013 | MORENA |
| 13 | 1893 | धनेश कुमार पाण्डे | 10-01-1969 | 18-06-2013 | REWA |
| 14 | 1957 | मुनेश्वर राम भगत | 01-02-1978 | 13-07-2013 | SHAJAPUR |
| 15 | 2101 | केसर सिंह रावत | 04-05-1972 | 03-09-2013 | MANDSOUR |
| 16 | 2122 | जसवंत [illegible] | 03-06-1964 | 06-09-2013 | KHARGONE |
| 17 | 2123 | गजेन्द्र सिंह ठाकुर | 25-07-1965 | 06-09-2013 | BADWANI |
| 18 | 2152 | मोहर सिंह जमरे | 01-08-1977 | 08-09-2013 | KHARGONE |
| 19 | 2212 | सूरज सिंह परमार | 02-05-1966 | 13-09-2013 | DHAR |
| 20 | 2222 | हेमन्त शर्मा | 02-08-1970 | 14-09-2013 | MANDSOUR |
| 21 | 2306 | त्रिलोक सिंह बरकड़े | 18-12-1962 | 20-09-2013 | INDORE |
| 22 | 2481 | मांगीलाल धुर्वे | 01-06-1965 | 10-10-2013 | GRP INDORE |
| 23 | 2545 | रज्जू लाल बरकड़े | 03-05-1973 | 19-01-2014 | JABALPUR |
| 24 | 2547 | भगवान सिंह दरबार | 25-10-1970 | 19-01-2014 | DEWAS |
| 25 | 2577 | गणेशलाल | 21-01-1971 | 23-01-2014 | BHOPAL |
| 26 | 2683 | [illegible] साकेत | 10-07-1963 | 11-02-2014 | SIDHI |
| 27 | 2718 | राजमणि अहिरवार | 01-02-1970 | 17-02-2014 | SIDHI |
| 28 | 2746 | ज्ञान सिंह वर्मा | 13-03-1964 | 26-02-2014 | ASHOKNAGAR |
| 29 | 2759 | गोपाल सिंह आदिवासी | 30-04-1963 | 04-03-2014 | GUNA |
| 30 | 2776 | रमेश चन्द मेढ़ा | 10-02-1966 | 12-03-2014 | GRP BHOPAL |
| 31 | 2790 | जितेन्द्र बहादुर सिंह | 01-07-1968 | 26-05-2014 | BHOPAL |
| 32 | 2794 | रामचरण यादव | 03-07-1971 | 28-05-2014 | BHOPAL |
| 33 | 2806 | पुष्पेन्द्र सिंह चौहान | 15-07-1969 | 06-06-2014 | SHIVPURI |
| 34 | 2813 | अशोक कुमार यादव | 07-02-1967 | 11-06-2014 | CHHINDWARA |
| 35 | 2822 | [illegible] | 01-01-1972 | 17-06-2014 | RATLAM |
| 36 | 2901 | [illegible] | 01-02-1967 | 20-08-2014 | BHOPAL |
| 37 | 2944 | [illegible] जोशी | 20-01-1968 | 07-10-2014 | DHAR |
| 38 | 2949 | [illegible] | 09-12-1968 | 15-10-2014 | RATLAM |
| 39 | 3041 | [illegible] | 02-05-1972 | 06-01-2015 | KHANDWA |
| 40 | 3113 | [illegible] पटेल | 18-09-1967 | 11-03-2015 | JABALPUR |
| 41 | 3132 | [illegible] | 29-06-1964 | 13-03-2015 | CHHINDWARA |
| 42 | 3147 | [illegible] | 30-06-1965 | 15-03-2015 | BADWANI |
| 43 | 3158 | [illegible] | 05-03-1971 | 16-03-2015 | BHOPAL |
| 44 | 3175 | [illegible] | 11-01-1964 | 17-03-2015 | GRP BHOPAL |
| 45 | 3180 | [illegible] | 01-07-1966 | 18-03-2015 | BHOPAL |
| 46 | 3216-A | [illegible] | 01-06-1977 | 30-03-2015 | GWALIOR |
| 47 | 3216-B | [illegible] गुर्जर | 10-05-1977 | 30-03-2015 | STF GWALIOR |
| 48 | 3222 | [illegible] | 30-04-1964 | 31-03-2015 | SAGAR |
| 49 | 3254 | [illegible] सिसोदिया | 21-05-1964 | 01-04-2015 | DHAR |
| 50 | 3270 | [illegible] चौहान | 10-06-1979 | 01-04-2015 | INDORE |
| 51 | 3273 | दिनेश चौहान | 31-07-1970 | 01-04-2015 | KATNI |
| 52 | 3279 | प्रदीप कुमार जोशी | 07-01-1972 | 02-04-2015 | CID PHQ |
| 53 | 3295 | [illegible] | 04-08-1968 | 02-04-2015 | DAMOH |
| 54 | 3301 | [illegible] | 01-02-1973 | 02-04-2015 | BHOPAL |
| 55 | 3317 | [illegible] सिसोदिया | 24-11-1974 | 02-04-2015 | BHOPAL |
| 56 | 3332 | [illegible] | 01-07-1967 | 03-04-2015 | DEWAS |
| 57 | 3339 | [illegible] सिंह | 13-02-1969 | 03-04-2015 | SAGAR |
| 58 | 3378 | [illegible] | 16-03-1967 | 06-04-2015 | GUNA |
| 59 | 3388 | [illegible] | 30-06-1965 | 07-04-2015 | BADWANI |
| 60 | 3391 | [illegible] | 20-03-1965 | 07-04-2015 | SEONI |
| 61 | 3439 | [illegible] | 05-06-1972 | 13-04-2015 | MAUGANJ |
| 62 | 3444 | [illegible] | 27-03-1977 | 13-04-2015 | PANDHURNA |
| 63 | 3446 | [illegible] | 01-08-1970 | 14-04-2015 | HOSHANGABAD |
| 64 | 3474 | [illegible] | 01-02-1969 | 22-04-2015 | SINGRAULI |

## भारत में AI क्रांति की नई शुरूआत, अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया इंडियाAI कंप्यूट पोर्टल और AI कोश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के इंडियाAI मिशन की पहली वर्षगांठ के मौके पर केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को इंडिया AI कंप्यूट पोर्टल और AI कोश डेटा सेट प्लेटफॉर्म सहित कई नई पहल लॉन्च कीं। इन कदमों का उद्देश्य देश में एआई इनोवेशन को बढ़ावा देना और तकनीक तक पहुंच को सरल बनाना है।

यह नया क्लाउड-आधारित पोर्टल छात्रों, स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और सरकारी विभागों को 18,000 से अधिक GPUs, क्लाउड स्टोरेज और अन्यAI सेवाओं तक पहुंच प्रदान करेगा। इसके जरिए भारत का खुद का फाउंडेशनल मॉडल विकसित करने की तैयारी की जा रही है। वैष्णव ने बताया कि इस उद्देश्य के लिए 67 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने चंद्रयान मिशन का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने बेहद कम लागत में चंद्रमा पर कदम रखा और इसी रणनीति के तहत अपना फाउंडेशनल मॉडल भी विकसित करेगा, जो अन्य देशों की तुलना में बेहद कम खर्चीला होगा।

AI कोश एक ऑल-इन-वन डेटा सेट प्लेटफॉर्म है, जो उच्च गुणवत्ता वाले गैर-व्यक्तिगत डेटा तक आसान पहुंच प्रदान करेगा। यह एआई मॉडल बिल्डरों और डेवलपर्स को भारत-केंद्रित AI मॉडल विकसित करने में मदद करेगा। इस प्लेटफॉर्म पर टूल्स, संसाधन और विशेषज्ञ मार्गदर्शन भी मिलेगा ताकि नई तकनीकी संभावनाओं को उद्योग समाधान में बदला जा सके।

वैष्णव ने कहा कि अगले 3-4 वर्षों में भारत अपने खुद के GPU विकसित करेगा, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में इन GPUs का उपयोग बेहद कम लागत (100 रुपये प्रति घंटे से भी कम) पर किया जा सकेगा। इंडिया AI मिशन के तहत, MeitY सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि कंप्यूट पोर्टल इस मिशन का सबसे बड़ा घटक है, और इसके लिए मिशन की कुल निधि का 45% हिस्सा आवंटित किया गया है। इसके अलावा, सरकार ने AI और पब्लिक सेक्टर अधिकारियों के लिए एक कौशल ढांचा और इंडिया AI स्टार्टअप्स ग्लोबल एक्सेलेरेशन प्रोग्राम भी लॉन्च किया। इंडिया AI फेलोशिप प्रोग्राम के तहत छात्रों को सम्मानित किया गया और 30AI अनुप्रयोगों को विशेष पहचान दी गई।

मार्च 2023 में कैबिनेट ने इंडियाAI मिशन के लिए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी थी। यह मिशन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के जरिए AI इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है और इसे डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के तहत इंडिया AI स्वतंत्र व्यवसाय प्रभाग द्वारा लागू किया जा रहा है। गौरतलब है कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में AI एक बड़ा भूमिका निभा सकता है और इंडिया AI मिशन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स को किया सम्मानित

**मुंबई, एजेंसी।** बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सांविधिक निकाय, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए) ने टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) के सहयोग से नई दिल्ली में लाइनमैन दिवस के 5वें संस्करण का आज सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह खास दिवस भारत के बिजली क्षेत्र की रीढ़ माने जाने वाले लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस कर्मचारियों के अमूल्य योगदान की सराहना करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर देश भर के 45 से अधिक सरकारी और प्राइवेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन, जेनरेशन और ट्रांसमिशन कंपनियों के 180 से अधिक लाइनमैन निर्बाध बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के अपने अनुभव, चुनौतियों और महत्वपूर्ण क्षणों को साझा करने के लिए एक साथ आए।

OUR PREDICTION CAME TRUE
WHISPERSINTHECORRIDORS.COM
1994 batch IAS empanelment takes place on March,6
(WE SAID THIS ON FEB 20, 2025)
Will empanelment of 1994 batch IAS officers be this month only?
Empanelment
Latest information says that the empanelment of 1994 batch IAS officers to the rank of Secretary in the Government of India is going to take place in a week or two.
(WE SAID THIS ON FEB ,17, 2025)
Empanelment of 1994 batch IAS after budget session
An empanelment of 1994 batch IAS officers to the rank of Secretary in the Government of India is expected to take place after the budget session of the Parliament.

OUR PREDICTION CAME TRUE
WHISPERSINTHECORRIDORS.COM
Amitava Mukherjee takes over as CMD, NMDC on March 6
(WE SAID THIS ON NOVEMBER 14,2024)
Amitava Mukherjee selected for CMD, NMDC
Amitava Mukherjee, Director (Finance) and CMD incharge, NMDC, has been selected for the post of Chairman-cum-Managing Director, NMDC Limited at a Public Enterprises Selection Board (PESB) meeting held on November 14, 2024. As many as nine persons were interviewed for the same.




(WE SAID THIS ON FEB 13,2023)
Amitava Mukherjee an eligible candidate for CMD, NMDC
Amitava Mukherjee, Director (Finance) holding additional charge of CMD, NMDC, appears to be an eligible candidate for the post of Chairman-cum-Managing Director, NMDC Limited.
(WE SAID THIS ON MARCH 6,2023)
Amitava Mukherjee only Board level claimant for CMD, NMDC
Amitava Mukherjee, Director Finance, NMDC, appears only Board Member to be claimant for the post of Chairman-cum-Managing Director, NMDC. The PESB has sought applications for the post falling vacant on February 28, 2023.
(WE SAID THIS ON SEPTEMBER 4)
Amitava Mukherjee in race for CMD, NMDC
Amitava Mukherjee, Director (Finance), NMDC Limited, is in the race for the post of Chairman-cum-Managing Director, NMDC Limited.

## सरकारी कर्मचारियों को हाईकोर्ट का बड़ा झटका, प्रमोशन से इनकार करने पर नहीं मिलेगा वेतनमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाई कोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अहम फैसला सुनाया। यह फैसला सरकारी कर्मचारियों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। हाई कोर्ट ने कहा कि अगर कोई कर्मचारी पदोन्नति लेने से इनकार करता है, तो उसे क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिलेगा।

अगर कोई कर्मचारी पदोन्नति से मना करता है, तो उसे भविष्य में किसी भी तरह की वेतन वृद्धि या पदोन्नति का अधिकार नहीं मिलेगा। यह आदेश राज्य सरकार के पक्ष में है, जिसने कोर्ट में यह तर्क दिया कि ऐसे कर्मचारियों को कोई प्रमोशन नहीं मिलेगा।

इससे पहले इंदौर खंडपीठ में एक मामला विचाराधीन था, जिसमें यह सवाल उठा था कि क्या पदोन्नति से इनकार करने पर कर्मचारियों को वेतनमान और क्रमोन्नति का लाभ मिलना चाहिए। पहले एक फैसले में यह कहा गया था कि पदोन्नति से इनकार करने पर कर्मचारी को दी गई क्रमोन्नति वापस नहीं ली जा सकती। राज्य शासन ने कोर्ट में यह तर्क दिया कि अगर कोई कर्मचारी खुद पदोन्नति से मना करता है, तो वह भविष्य में किसी भी पदोन्नति या वेतनमान का हकदार नहीं हो सकता। उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए अपना फैसला सुनाया। इस फैसले पर कुछ अधिवक्ताओं ने पुनर्विचार की मांग की है। अधिवक्ता आनंद अग्रवाल का कहना है कि पदोन्नति और समयमान वेतनमान दो अलग-अलग चीजें हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही स्पष्ट किया था कि प्रमोशन और समयमान वेतनमान अलग-अलग होते हैं।

## केंद्र में सचिव पद के लिए 37 अधिकारी इंपैनल्ड, MP के 4 IAS अधिकारी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने आज भारत सरकार में सचिव या सचिव के समकक्ष स्तर के पदों के लिए विभिन्न संवर्ग और बैचों के 37 ब्लूस अधिकारियों के पैनल को मंजूरी दे दी। इनमें मध्य प्रदेश कैडर के पांच अधिकारी शामिल हैं यह हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा में 92 बैच के ब्लूस अधिकारी आशीष श्रीवास्तव, 94 बैच के हरि रंजन राव, पल्लवी जैन गोविल और विवेक अग्रवाल। सचिव/सचिव समकक्ष पद के लिए इंपैनल्ड अधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं आईएएस आशीष श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार, शशि रंजन कुमार, धीरज गुप्ता, नीरजा शेखर, सुकृति लिखी, राकेश कुमार वमा, एपी दास जोशी, नीरज वर्मा, समीर कुमार सिन्हा, अतीश चंद्रा, मनोज कुमार पिंगुआ, निधि छिब्बर , ऋचा शर्मा, विकास शील, अनुराधा ठाकुर, संजय गर्ग , अरविन्द श्रीवास्तव , वेनेकागंती राधा, राजेश अग्रवाल,हरि रंजन राव, पल्लवी जैन गोविल ,विवेक अग्रवाल, पीयूष गोयल, रंजना चोपड़ा, संतोष कुमार सारंगी, तेजवीर सिंह , नरेश पाल गंगवार, पी अमुधा।

सचिव समकक्ष पद: के गोपाल, आनंद बर्धन,खिल्ली राम मीना ,एलएस चांगसन,राजेश कुमार सिन्हा,श्रीवत्स कृष्ण, रोली सिंह, काकरला उषा।

# सोनालीका ने फरवरी 25 में अब तक का सर्वाधिक ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने फरवरी25 में 10,493 कुल ट्रैक्टर बिक्री के शानदार प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष 2025 के अंतिम चरण में प्रवेश किया है। सर्वोत्तम उत्पाद और सर्विस प्रदान करने के अपने मज़बूत बुनियादी मूल्य का लाभ उठाते हुए, कंपनी ने अपनी वायटीडी फरवरी25 में अब तक की सर्वाधिक 1,13,279 घरेलू ट्रैक्टर बिक्री भी दर्ज की है और उद्योग वायटीडी प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत की विकास यात्रा में सक्रिय रूप से योगदान देते हुए सोनालीका वास्तव में किसानों के लिए बेहतर परिणाम और सफलता सुनिश्चित करने हेतु इनोवेशन और ताकत सुनिश्चित करता है। सोनालीका किसानों की आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने में विश्वास रखती है क्योंकि इसका लक्ष्य अपनी शानदार यात्रा में शामिल सभी हितधारकों के लिए समावेशी विकास है। कंपनी लगातार ताकतवर और उन्नत तकनीक से सुसज्जित ट्रैक्टरों का एक इष्टतम मिश्रण तैयार करती है।

## राजीव कपूर ने मोरक्को सम्मेलन में मिशन सेव लाइफ्स - 13-पॉइंट प्लान पेश किया

**मोरक्को।** वैश्विक सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, एन-डब्ल्यूएचओ ने स्टीलबर्ड हेलमेट्स के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर को हेलमेट विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया। उन्होंने मोरक्को में आयोजित चौथे मंत्रीस्तरीय सम्मेलन में मिशन सेव लाइफ्स नामक 13-पॉइंट रोडमैप का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य 2030 तक वैश्विक सड़क दुर्घटनाओं को 50% तक कम करना है। यह पहल ह के डेकेड ऑफ एक्शन फॉर रोड सेफ्टी (2021-2030) के तहत की जा रही है। दुनिया भर के हेलमेट निर्माताओं, नीति निर्माताओं और उद्योग के नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान, श्री कपूर ने सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि को रोकने के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी विकासशील देशों में एक सार्वभौमिक हेलमेट सुरक्षा मानक होना बहुत आवश्यक है।

## भ्रामक जानकारी फैलाने पर निगम करेगा कार्यवाही

**छिंदवाड़ा।** विगत दिवस अमृता कंस्ट्रक्शन के संजीव चौधरी द्वारा आवेदन देकर एवं विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से बताया गया कि अमृता कंस्ट्रक्शन के द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य किए गए जिसका पूर्ण भुगतान उन्हें नहीं किया गया है। इस संबंध में नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि अमृता कंस्ट्रक्शन द्वारा वित्तीय वर्ष में लगभग 16 लाख रुपए का कार्य किया गया है जबकि इन्हें अलग अलग राशियों में कुल 7,06,647 रुपए का भुगतान किया गया है। माह फरवरी में ही इन्हें एक लाख रुपए का भुगतान नगर निगम द्वारा किया गया है। नगर निगम में लगभग 300 से अधिक ठेकेदार शहर में विभिन्न निर्माण कार्य को करते है। सभी का भुगतान राशि की उपलब्धता के अनुसार निकाय द्वारा किया जाता है। नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा इस प्रकार भ्रामक जानकारी देने एवं भयदोहन करने पर अमृता कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## परम सौभाग्य का प्रतीक हैं बेटियां: अचल शास्त्री

### बेटियों से घर बनता है मंदिर



**छिंदवाड़ा।** सुभाष कालोनी के भूषणबाडी में चल रही भागवत कथा में उत्तर प्रदेश के शुक्रताल धाम से पधारे कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री ने वराह अवतार, कपिल अवतार, सांख्य उपदेश, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र आदि का मार्मिक वर्णन किया। कर्दम देवहूति का प्रसंग सुनाते हुए कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि ब्रह्मा जी के कहने पर मनु जी ने अपनी पुत्री का विवाह कर्दम ऋषि के साथ किया। कर्दम ऋषि और मनु पुत्री देवहूति के द्वारा नौ पुत्रियां हुई, जिनका पाणिग्रहण ब्रह्मा जी के पुत्र मरीचि आदि ऋषियों के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि बेटियां परम सौभाग्य का प्रतीक होती हैं, जिस घर में बेटियां होती हैं वह घर, घर नहीं रहता अपितु वह मंदिर बन जाता है। बेटा अगर वंश है, तो बेटी अंश है। बेटा अगर तन है, तो बेटी मन है, बेटा भाग्य से प्राप्त होता है परंतु बेटी परम सौभाग्य से मिलती है। पुत्र तो सिर्फ एक कुल को तारता परंतु पुत्री तो दो कुलों का कल्याण करती है। बेटियों का संरक्षण संवर्धन करना तथा उत्तम शिक्षा और संस्कारों के साथ स्वावलंबी बनाना सभी का नैतिक दायित्व है। भ्रूण हत्या बहुत बड़ा पाप है। मानव सेवा, पारमार्थिक भावना तथा भगवद् भक्ति भागवत का मुख्य संदेश है।

## नीता वर्मा ने उत्तीर्ण की सेट परीक्षा



**छिंदवाड़ा।** राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग में जनभागीदारी शिक्षिका नीता वर्मा पासे ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य पात्रता परीक्षा सेट उत्तीर्ण कर ली है। उन्होंने हिन्दी साहित्य विषय में यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। विदित हो कि नीता वर्मा रंगकर्मी भी हैं जो विगत 16 वर्षों से नाट्यगंगा संस्था के साथ कार्य कर रही हैं। उनकी इस सफलता से परिवारजनों,सभी गुरुजनों और शुभ चिंतकों ने शुभकामनाएँ दी हैं।

## बच्चों को टूथ पेस्ट एवं पेन वितरित किए



**छिंदवाड़ा।** आईडीए सतपुड़ा शाखा द्वारा राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस (नेशनल डेंटिस्ट डे) के उपलक्ष्य में सीडीएसएन छात्रावास चन्दगांव में दिव्यांग बच्चों के साथ केक एवं स्वल्पाहार के साथ मनाया, साथ ही बच्चों को टूथ पेस्ट एवं पेन वितरित किए गए तथा बच्चों का निशुल्क दांत परीक्षण कर उन्हें दंत सुरक्षा की जानकारी दी गयी।कार्यक्रम में आईडीए प्रेसिडेंट डॉ प्रिया भूतड़ा ,सचिव डॉ सोनल सिंह, डॉ मेघा जैन ,डॉ अनुष्का तिवारी , डॉ अनिश्री चण्डक उपस्थित थे। छात्रावास सहायक अधीक्षक भगत सर , हेमवती झरिया मैडम एवं नीतीश लिखितकार जी का विशेष योगदान रहा।

## भारत में अवैध जुआ एवं सट्टेबाजी बाजार के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों मेटा और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियां

**नई दिल्ली।** डिजिटल इंडिया फाउंडेशन द्वारा आज जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में तेजी से बढ़ते अवैध ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर को खत्म करने के लिए एक इकोसिस्टम एप्रोच अपनाना होगा। इसके लिए मेटा और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है। यह फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी थिंक टैंक है, जो डिजिटल समावेशन और विकास को बढ़ावा देता है। 'भारत में अवैध जुआ एवं सट्टेबाजी बाजार- आकार एवं सहयोगी' (इलिगल गैंबलिंग एंड बेटिंग मार्केट इन इंडिया- द स्केल एंड इनेबलर्स) शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में डिजिटल प्लेटफॉर्म से संबंधित नीतियों का विश्लेषण किया गया और पाया गया कि पैसे देकर विज्ञापन चलाने को लेकर सख्त नियम हैं, लेकिन इन्हें लेकर प्रवर्तन असंगत है।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन क्रिसिल आईबीएक्स फाइनेंशियल सर्विसेज 3-6 महीने का डेट इंडेक्स फंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स फाइनेंशियल सर्विसेज 3-6 महीने का डेट इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है, जिसे निवेशकों को संरचित अल्पकालिक निश्चित-आय निवेश अवसर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह फंड प्रमुख बैंकों, एनबीएफसी और वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी किए गए एए-रेटेड सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट, कमर्शियल पेपर्स और कॉरपोरेट बॉन्ड वाले पोर्टफोलियो में निवेश करता है। 6 महीने से 3 महीने तक की व्यवस्थित रोल-डाउन रणनीति के साथ, फंड का लक्ष्य लिक्विडिटी बनाए रखते हुए और ब्याज दर जोखिम को कम करते हुए अल्पकालिक उपज लाभ प्राप्त करना है।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी18 करोड़ की सड़क

### ठेकेदार ने किया लाखों का घोटाला मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधि. परि. क्रिया इकाई-क्र.2 के अधिकारी ठेकेदार पर मेहरबान




**छिन्दवाड़ा।** जिले के हर्रई में बन रही सड़क विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और मिली भगत के चलते कुछ ही समय में खराब होने लगी है पैकेज नंबर एमपी-07-705 मार्ग का नाम-हर्रई से चिखला,मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण इकाई क्रमांक-2 छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश के द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है इस सड़क का कार्य दिनांक 06/04/2022 को पूर्ण हो जाना था किंतु ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के द्वारा सड़क को नियम अनुसार नहीं बनाई जा रही है। सड़क के दोनों और मिट्टी के शोल्डर के साथ 1~2 का साइड स्लोप नियम अनुसार नहीं है जंगल और झड़ी लगी हुई है गाड़ी क्रॉसिंग करने में असुविधा होती है ड्ब्ल्यूब्ल्यूकी लेयर में सही अनुपात में ग्रेडेशन नहीं है ड्ब्ल्यूकी लेयर में कॉम्पेक्शन भी नहीं है और ठेकेदार ने जो डामर का कार्य किया है वह गुणवत्ताहीन है मार्ग में डामर का कार्य कुछ माह पहले ही हुआ है और सड़क पर गड्ढे हो गए हैं सड़क जगह-जगह से बैठ रही है देखने पर यह प्रतीत होता है कि सही मात्रा में डामर का अनुपात नहीं मिलाया गया है कम डामर डालकर सड़क का निर्माण किया गया है और ठेकेदार ने आज दिनांक तक सड़क का कार्य पूर्ण नहीं किया है।

विभाग के द्वारा ठेकेदार को अतिरिक्त समय अवधि प्रदान कर दी जा रही है जबकि समय से कार्य को पूर्ण नहीं करने पर ठेकेदार को टर्मिनेट कर दिया जाता है लेकिन अधिकारी ठेकेदार पर मेहरबान हैं जिसका खामियाजा ग्राम वासियों को उठाना पड़ रहा है ग्रामीणों ने कहा कि सड़क मार्ग में उपयोग किया गया मटेरियल की गुणवत्ता की जांच की जाए क्योंकि अभी बनी हुई सड़क में गड्ढे होना अपने आप में स्पष्ट बता रहे हैं कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है ठेकेदार के डामर के बिल की भी जांच की जानी चाहिए कि ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण में उपयोग किया गया डामर गवर्नमेंट रिफाइनरी से लाया गया है या नहीं डामरी कृत परत मैं नियम अनुसार ग्रेडेशन नहीं है इसलिए विटामिन की सरफेस में सेग्रीगेशन हो रहा है और पार्ट होल बना रहे हैं ग्रेडेशन की जांच की जाए और ठेकेदार का बिल भुगतान पर तुरंत रोक लगाने की मांग कर रहे हैठेकेदार वीरेन्द्र सिंह राजपूत बरेली, जिला- रायसेन ने लोकल व्यापारी को लाखों का नुकसान पहुंचाया है। ठेकेदार द्वारा लोकल व्यापारी से मटेरियल खरीदा और उसके भुगतान के लिए आनाकानी कर रहा है व्यापारी परेशान हैं। सड़क मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण इकाई क्रमांक-2 की जी. एम. कविता पटवा द्वारा लगातार बिल पास किया जा रहा है और टाईम एक्सटेंशन दिया जा रहा है उक्त सड़क और ठेकेदार की शिकायत पर प्रधानमंत्री कार्यालय और ईओडब्लू से भी जांच चल रही है फिर भी विभागीय अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

## 7 जून से होगा नगर में एकल श्री हरि द्वारा रामकथा का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** एकल अभियान एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट के केन्द्रीय पदाधिकारियों एवं अंचल छिंदवाड़ा की अभियान समिति के विचार विमर्श के बाद नगर में आगामी 7 जून से 12 जून तक पांच दिवसीय रामकथा का आयोजन होना सुनिश्चित हो गया है। ज्ञातव्य होवे कि एकल श्री हरि वनवासी विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मान. मख्खन किशोर गोयल जी के छिंदवाड़ा में तीन दिवसीय प्रवास के दौरान नगर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में स्थानीय बालाजी प्लाजा में एक महत्त्वपूर्ण बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। यहां उल्लेखनीय है कि यह कथा उन कथाकारों द्वारा कराई जा रही है जो वनवासी क्षेत्रों के निवासी हैं एवं उसी वर्ग से आते हैं जिन्होंने अयोध्या एवं वृंदावन में रामकथा व कृष्ण कथा का प्रशिक्षण लिया है। इस अवसर पर एकल अभियान के संरक्षक गोविन्द चौरसिया, अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू, एकल श्री हरि संरक्षक श्रीमति शशिप्रभा अग्रवाल, नगर कथा आयोजन के केन्द्रीय प्रमुख भामिनी भूषण एवं केन्द्रीय प्रचार विभाग प्रमुख संजय मालवीय, अभियान प्रमुख राजकुमार बट्टी संभाग व्यास क्षी नितेंद्र शरण की उपस्थिति रही।

## खज़ांची ज्वेलर्स ने डिजिटल उपस्थिति बढ़ाई, जेम एंड ज्वेलरी इंडिया इंटरनेशनल फेयर 2025 में सफलता हासिल की

**मुंबई।** खज़ांची ज्वेलर्स लिमिटेड ने जेम एंड ज्वेलरी इंडिया इंटरनेशनल फेयर - बी2बी एक्सपो 2025 में सफलतापूर्वक भाग लिया, जो 28 फरवरी 2025 से 2 मार्च 2025 तक चेन्नई ट्रेड सेंटर, नंदमबक्कम में आयोजित किया गया। कंपनी ने अपने ऐप का रीब्रांडिंग कर नाम गोल्ड सेविंग स्कीम ऐप से बदलकर ज्वेलरी परचेज प्लान ऐप कर दिया है, जिससे कंपनी की व्यापक व्यापारिक दृष्टि को बेहतर तरीके से दर्शाया जा सके और ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक व उन्नत सेवाएँ प्रदान की जा सकें। ज्वेलरी परचेज प्लान ऐप को ग्राहकों के लिए एक सहज और सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है, जिससे उन्हें अधिक सुविधा और बेहतर अनुभव मिले। यह ऐप आधुनिक उपभोक्ता आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई विशेषताओं की पेशकश करता है। ग्राहक अब दैनिक सोने की दरों को ट्रैक कर सकते हैं और अपनी सुविधानुसार भुगतान कर सकते हैं। आप हमारे ऐप में खाता खोल सकते हैं, जिसका लिंक नीचे साझा किया गया है। आप मासिक किश्तों का भुगतान कार्ड या किसी अन्य ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा के माध्यम से कर सकते हैं। आपको प्रत्येक माह नियत तिथि पर निश्चित किश्त राशि का भुगतान करना आवश्यक है, जो 11 महीनों तक चलेगा। 11 महीनों के बाद, आप विशेष छूट के लिए पात्र होंगे।इसके अतिरिक्त, यह ऐप क्वेरी समाधान की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता कंपनी के कर्मचारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं और अधिक व्यक्तिगत व कुशल सेवा अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। ऐप डाउनलोड करने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें।

# बकायादारों की संपत्तियों की कुर्की करने के निर्देश

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, स्वच्छ भारत मिशन, सीएम हेल्पलाइन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर सिंह ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखते हुये समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित निकायों को इसे बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने दमुआ, हर्रई, चांदामेटा, न्यूटन चिखली और बड़कुही के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को बकायादारों से वसूली नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा चांद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को प्रोफाइलिंग कार्य में प्रगति शून्य होने पर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हर्रई के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आगामी बैठक से पहले निर्माणाधीन आवास पूरे करने के निर्देश दिए हैं, जबकि अन्य निकायों को 98 प्रतिशत आवास पूर्ण करने का लक्ष्य दिया। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत पूर्व से स्वीकृत प्रकरणों के वितरण के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने डे-एनयूएलएम योजना के अंतर्गत शहरी स्वरोजगार योजना में लक्ष्य प्राप्त होने पर संतोष व्यक्त किया। वहीं, राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए संपत्तियों का सर्वेक्षण कर चिन्हांकन करने और बकायादारों की संपत्तियों की कुर्की करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने अवैध नल कनेक्शनों को हटाकर वैध कनेक्शन देने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत सभी नगरीय निकायों को अगले माह ए ग्रेड लाने के लिए निर्देशित किया है। वहीं, स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत सभी निकायों को थ्री स्टार रेटिंग प्राप्त करने और प्लास्टिक पन्नी प्रतिबंधित करने के निर्देश दिये हैं। बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को आगामी समीक्षा बैठक में शासन के निर्देशों के अनुसार कार्य करने और निर्धारित लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिये गये।

## इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में म.प्र. में प्रथम स्थान प्राप्त कर छिंदवाड़ा ने रचा इतिहास



**छिन्दवाड़ा।** जिले ने शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करते हुए भारत सरकार की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना सत्र 2024-25 में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले के 416 विद्यार्थियों के आइडिया चयनित हुए, जो कि प्रदेश में किसी भी अन्य जिले की तुलना में सर्वाधिक हैं। यह उपलब्धि कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के कुशल निर्देशन, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल के मार्गदर्शन, शिक्षकों की मेहनत एवं विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच का परिणाम है।छिन्दवाड़ा~ नवाचार और वैज्ञानिक सोच का केंद्र- इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2009-10 से विद्यार्थियों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रारंभ की गई थी। इस योजना के तहत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा अपने नवाचारपूर्ण और व्यवहारिक विचार प्रस्तुत किए जाते हैं। सत्र 2024-2025 में जिले में 4353 विद्यार्थियों ने अपने आइडिया पोर्टल पर अपलोड किए, जिनमें से 416 विद्यार्थियों के आइडिया चयनित हुए।इन चयनित विद्यार्थियों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 10,000 रुपये की राशि उनके बैंक खाते में प्रदान की गई, ताकि वे अपने प्रोजेक्ट को और उत्कृष्ट बना सकें। इसके बाद, ये विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट/मॉडल को संभागीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित कर सकेंगे। राष्ट्रपति भवन तक पहुंचेगा छिन्दवाड़ा का नामङ्क राष्ट्रीय स्तर पर चयनित मॉडल को राष्ट्रपति भवन में आयोजित प्रवर्तन उत्सव में प्रदर्शित किया जाएगा, जहां महामहिम राष्ट्रपति के करकमलों से विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## कांग्रेस ने जिले भर में बयान बाजी को लेकर मंत्री पटेल का पुतला जलाया

### भाजपा सरकार के मंत्री आम जनता का सम्मान करना भूल चुकी: हेमंत वागद्रे

**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता**



**बैतूल।** मप्र के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल द्वारा आम जनता को भिखारी कहने के बयान पर प्रदेशभर में आक्रोश फैल गया है। जिससे जिले के सभी ब्लाकों मे कांग्रेस नेताओ और कार्यकर्ताओं ने मंत्री प्रह्लाद पटेल के इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। आठनेर में ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र पंडोले तथा नगर अध्यक्ष डॉ. ज्ञानदेव माथनकर के नेतृत्व में पुलता जलाकर राजा हर्षवर्धन धोटे ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक सेवादल कांग्रेस प्रदेश प्रभारी निलय डागा ने कहा भाजपा के मंत्री श्री पटेल की बयान बाजी भी सोची समझी योजना है। लाडली बहनों को चुनावी वादे अनुसार तीन हजार रुपए प्रति महिने देने का वादा किया था। लेकिन कुल बारह सौ पचास रुपये दिए जा रहे है। यह धोखा है। बल्कि प्रदेश की अधिकतर महिलाओ को आपात्र कर घोषित भी कर दिया है। श्री डागा यह भी कहा कि आगे इस योजना को पूरी तरह बंद कर सकते है। और षड्यंत्र पूर्वक अंदुरनी तौर पर उनसे जुड़े लोगो को यह कहने में आसानी होगी की प्रदेश की महिलाओ को भीख मांगना भी नहीं चाहिए। विधान सभा बैतुल मुख्यालय में शिवाजी चौक पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसियों पुतला फूंका जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमन्त वाग्द्रे ने कहा कि मंत्री प्रह्लाद पटेल का जनता को भिखारी कहना घोर अपमान जनक है। सत्ता के नशे में चूर भाजपा सरकार आम जनता का सम्मान करना भूल चुकी है। कांग्रेस ऐसे अहंकारी बयानों का पुरजोर विरोध करती है। और मंत्री को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। अगर माफी मांगे नहीं तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत 31 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में प्रसंस्करण ईकाई पर 35 प्रतिशत अनुदान

**छिन्दवाड़ा।** उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना में टमाटर से कैचप, सॉस, आलू से चिप्स, फिंगर चिप्स, पापड़, कुरकुरे, प्याज से एसेंस, मिर्च से ऑयल अदरक, लहसून के पेस्ट तैयार करने की व्यक्तिगत इकाई स्थापित करने पर लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रूपये तथा स्वसहायता समूह इकाई के लिये लागत का 35 प्रतिशत अथवा अधिकतम 3 करोड तक अनुदान बैंक एण्डेट दिये जाने का प्रावधान है। हितग्राही की उम्र 18 वर्ष एवं 8वी पास होना अनिवार्य है। उप संचालक उद्यान छिंदवाड़ा ने बताया कि जिले के ऐसे उद्यमी/किसान जो बहुत बड़े क्षेत्र में टमाटर, आलू, प्याज, मिर्च, अदरक, लहसून की खेती कर अधिक उत्पादन ले रहे है तथा बाजार भाव न मिलने से नुकसान उठाते है, यह यूनिट लगाकर लाभ प्राप्त कर सकते है तथा उत्पादन का सही उपयोग भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की मंशानुरूप जिले के किसानों या उद्यमियों से अनुरोध है कि इस योजना में अधिक से अधिक आवेदन कर योजना का लाभ उठायें। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये 31 मार्च 2025 तक आवेदन किये जा सकते हैं।

## दोनों पहलू को सशक्त होना आवश्यक है बरना एक के आभाव में समाज विकलांग हो जाएगा: डॉ सीमा सूर्यवंशी



### छात्राओं को अधिकारों के प्रति सचेत होना होगा

**परसिया।** लक्ष्मीनारायण पेञ्चव्हेली शासकीय महाविद्यालय परासिया में प्राचार्य अशोक कुमार बरसिया के संरक्षण, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमति अमिता ब्यौहार निर्देशन एवं संचालन, डॉ सीमा सूर्यवंशी की विषय विषेषज्ञता में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें व्याख्यान माला का विषय- महिलाओं को सशक्त बनाने मे परिवार एवं समाज भूमिका प्राचार्य ने कहा- छात्राओं को ही खुद के अधिकारों के लिए सचेत होना होगा। डॉ सीमा सूर्यवंशी द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र - छात्राओं के लिए व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमे उन्होने अपने व्याख्यान में कहा - पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं के साथ ही प्राचीन शसक्त नारियों से लेकर आधूनिक सशक्त नारियों के उदाहरण प्रस्तूत कर संविधान में उदृत महिलाओं के अधिकारों से संबंधित अधिनियम को भी स्पष्ट किया। हमें आवश्यकता है दोनो पहलू को सशक्त बनाने की क्योंकि एक के आभाव में समाज विकलांग / लग्ड़ा हो जाएगा। इसके लिए स्त्री-पुरुष दोनों को साथ हाथ से हाथ मिलाकर परिवार एवं समाज के समक्ष आना होगा।डॉ ख्याती सोनी द्वारा के आभार व्यक्त किया गया तथा आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ संयोजक डॉ नीलेश मेश्राम , गणित विभागाध्यक्ष डॉ एल एन वारापाथरे, वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक एस व्ही के सिंग , कार्तिक चौरसिया एवं अन्य विभाग के प्राध्यापकों की उपस्थिति से कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

# घूमे देश विदेश, इतिहास के कई किस्से छिपे हैं बुरहानपुर के गर्भ में



**आनंद शर्मा**

सरकारी कामकाज के सिलसिले में जब एक बार बुरहानपुर का दौरा लगा तो मन में इंदु सैंडर्स की प्रसिद्ध पुस्तक 'के अनेक सफ्हे कौंध रहे थे। यह पुस्तक मुमताज महल और ताजमहल बनने की कहानी पर है। इस किताब में बुरहानपुर में मुमताज की मृत्यु और फिर शाहजहां के द्वारा ताजमहल बनवाए जाने को तफ़सील से बयां किया है। लेकिन, बुरहानपुर की प्रसिद्धि के पीछे यही एक दास्ताँ नहीं है, बल्कि अनेक और भी ऐतिहासिक तथ्य उसे विश्व प्रसिद्ध बनाते हैं।

बुरहानपुर में सभ्यता के प्रसार का सिरा महाभारतकालीन यदुवंशियों तक जाता है और कहते हैं की यहाँ स्थित असीरगढ़ के दुर्ग का निर्माण तब का ही है। बहरहाल मध्यकाल में इस स्थल पर फारूकी साम्राज्य का अधिपत्य था, जिसे अकबर ने युद्ध कर अपने अधीन किया और तब से ही मुग़ल ये जान गए थे की दक्षिण की विजय का यह महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसी कारण जहांगीर से ले कर औरंगजेब तक मुग़ल शहजादे यहाँ गवर्नर नियुक्त किए जाते थे। कहते हैं की शाहजहां और उसकी प्रिय बेगम मुमताज को ये जगह बेहद पसंद थी और इसी स्थान पर स्थित आहूखाने (मृग विहार) में उसके मृत शरीर को तब तक रखा गया जब तक कि उसकी कब्र पर स्थित विश्व प्रसिद्ध मकबरे का निर्माण नहीं हो गया, जिसे हम आज ताजमहल के नाम से जानते हैं।

शाहजहां को यह जगह इतनी पसंद थी कि जब उसे यहाँ से हटाकर कांधार का गवर्नर बनाया गया तो उसने नई जगह जाने से इंकार कर दिया। आज भी हममे से कुछ बिगड़ैल अफसर ऐसी हरकतें करते हैं। बहरहाल ताज महल पहले यहीं बनना तय हुआ था। पर, बाद में संगमरमर की उपलब्धता और कुछ तकनीकी दिक्कतों के चलते इसे आगरा में राजा जयसिंह से स्थान लेकर बनाया गया, जिसके बदले जयसिंह को यहाँ जगह दी गयी , आज भी बुरहानपुर में जयसिंहपुरा स्थान है।

इन मुग़ल कालीन शासकों के अलावा इस जगह में विश्व प्रसिद्ध कवि और भक्ति काल के प्रसिद्ध विचारक रहीम यानि अब्दुल रहीम खानखाना भी बीस वर्षों से अधिक रहे। रहीम कितने शानदान सेनापति और बेजोड़ प्रशासक थे, ये आप शाही किले कि सैर करके ही जान पाते हो। कहते हैं कि उस समय ही रहीम ने बुरहानपुर के लिए अंडर ग्राउंड वाटर सिस्टम आधारित पेयजल व्यवस्था का प्रबंध कर दिया था, जो बुरहानपुर के अलावा ईरान में ही थी। उस पर भी मज़ेदार बात यह कि इस सिस्टम से आज भी बुरहानपुर के लोग पानी पी रहे हैं। जबकि ईरान में यह सिस्टम अब ख़राब हो चुका है।

शाही महल के खूबसूरत दीवाने आम और ख़ास के के साथ साथ महल में बने हमाम के इंतिजामात देखकर आप दंग रह जाते हो, जहां उस ज़माने में मुमताज और उन जैसी बेगमों के लिए गरम और ठंडे पानी के मिश्रित और इत्र से सुगन्धित जल के स्नान का प्रबंध था। ये सब विवरण बता रहे इतिहास के प्रोफ़ेसर श्री फलक ने मुझे जब ये बताया कि इसके अलावा आम लोगों के लिए भी शहर में एक अलग हमाम बनाया गया था, तो मैं यह सोचे बिना न रह सका कि हुक्मरानों के अलावा आम जनता का इतना सोचने वाला शासक कोई कवि हृदय ही हो सकता था। क्या ही अच्छा हो कि हुक्मरानों का शायर या कवि होना अनिवार्य कर दिया जाए। हमाम की दीवारों पर बनी चित्रकारी ब्रश से नहीं बल्कि चाकू से छील कर रंगों के बीच उकेरी गई है।

नगर के बीच में ही दरगाहे हकीमी है, जो बोहरा समाज के आदि धर्मगुरु हकीमुद्दीन साहब की है, जो औरंगजेब के समकालीन थे। इनकी ही वंश परंपरा के वर्तमान धर्मगुरु बुरहानुद्दीन साहब हैं। दरगाह में आज भी सैकड़ों लोग अनेक बीमारियों से निजात पाने माथा टेकने आते हैं। कहते हैं सिखों के अंतिम गुरु श्री गुरु गोविंदसिंह जी भी नांदेड़ जाते समय कुछ दिन यहाँ रुके थे। आपको पता ही होगा की नांदेड़ में ही उनका निर्वाण हुआ था और तब ही उन्होंने कहा था की अब कोई व्यक्ति सिख समाज में गुरु नहीं होगा। बल्कि गुरूग्रंथ साहब ही चिरंतन गुरु होंगे। यहाँ रुकने के दौरान उन्होंने अपनी देखरेख में ग्रंथ साहब का लेखन करवाया और उनके दस्तखतशुदा ग्रंथ साहब आज भी यहाँ की गुरुद्वारा में सुरक्षित है, जिसे गुरु की जयंती में आम लोगों के दर्शनार्थ रखा जाता है। क्या जाने यह निर्णय कि अब के बाद समाज में ग्रंथ साहब ही गुरु होंगे, गुरु गोविंद सिंह जी ने बुरहानपुर के प्रवास के दौरान ही लिया हो!



राजा जयसिंह जिन्होंने अपनी जमीन अपने मित्र शाहजहां को ताजमहल बनाने के लिए दी थी, उनका इंतकाल भी बुरहानपुर में ही हुआ था। उनकी छतरी आज भी यहाँ बनी है। कहते हैं शिवाजी महाराज से मुग़ल शासकों के व्यवहार से वे बहुत आहत थे। तो इतनी प्रसिद्द जगह का अवसान कैसे हो गया! कहते हैं कि समय का चक्र ऐसे ही घूमता है, कपड़े के व्यवसाय के लिए प्रसिद्ध इसके कारीगरों को इंग्लैंड की मशीन निर्मित वस्त्र प्रणाली ने बहुत चोट पहुंचाई।

# इंदौर में दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन का आदेश जारी

**इंदौर।** मासिक और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतनमान का आदेश श्रम आयुक्त मध्य प्रदेश इंदौर ने जारी किया है। एक अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित न्यूनतम वेतन देय होगा। इससे करीब दस लाख दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और श्रमिकों को



लाभ होगा। श्रम आयुक्त मध्य प्रदेश इंदौर रजनी सिंह ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और श्रमिकों के वेतन में एक अक्टूबर 2024 से 2275 रुपये प्रतिमाह या 87.50 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि के आदेश जारी किए। यह वृद्धि 31 मार्च 2025 तक जारी रहेगी। जनवरी से जून 2024 तक की अवधि में अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का औसत 402 रहा है। विगत छह माही का औसत 400 रहा था। इसके अनुसार अभा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 400 के ऊपर दो बिंदुओं की वृद्धि हुई। इस वजह से 67 अनुसूचित नियोजनों में अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और उच्च कुशल श्रमिकों के महंगाई भत्ते में 25 रुपये प्रतिबिंदु के मान से 50 रुपये प्रतिमाह की वृद्धि हुई। इसके अनुसार परिवर्तनशील महंगाई भत्ते की कुल राशि 2225 में 50 रुपये जोड़कर 2275 रुपये प्रतिमाह बढ़ोतरी होगी।

# छात्रा ने वीडियो में कही थी मारपीट की बात, जहर खाकर दी जान

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना इलाके के कुटीर नगर में रहने वाली इंजीनियरिंग की छात्रा ने गुरुवार दोपहर घर में जहर खा लिया। उपचार के दौरान हमीदिया में उसकी मौत हो गई। बेहोश होने के पहले स्वजन ने अस्पताल में छात्रा से बातचीत का वीडियो बनाया है। उसमें छात्रा ने सेज उर्फ सैजल खान व काजल नाम की लड़की पर उससे मारपीट करने और



प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद ने इसे लव जिहाद का मामला बताते हुए थाने पर प्रदर्शन कर आरोपितों पर कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस के मुताबिक कुटीर नगर निवासी 20 वर्षीय साक्षी पुत्री मनोज निराला राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) में सिविल अंतिम वर्ष की छात्रा थी। गुरुवार दोपहर उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर स्वजन ने उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान शाम चार बजे साक्षी की मौत हो गई। एसीपी रिचा जैन के मुताबिक साक्षी के परिवार के लोगों ने साक्षी का मृत्यु पूर्व बातचीत का वीडियो बनाने की बात कही है। उसे जांच में शामिल किया जा रहा है। विहिप के प्रांत विधि प्रमुख देवेंद्र रावत का कहना है कि यह लव जिहाद का मामला है। छात्रा ने परिवार के लोगों को मृत्यु से पहले सेज उर्फ सैजल खान और काजल नाम की लड़की द्वारा शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करने की बात कही है। उनसे तंग आकर ही जहर खाना बताया है।

बजरंगदल के प्रांत संयोजक सुशील सुडेले ने बताया कि घटना का पता चलते ही। बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और मामले की जानकारी ली। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया, तो थाने का घेराव किया जाएगा।

# जबलपुर में बने दो ग्रीन कॉरिडोर फ्लाइट से इंदौर भेजी किडनी



**जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक बार फिर अंगदान की प्रक्रिया सफलता पूर्वक पूरी हुई। शुक्रवार को इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क हादसे में ब्रेन डेड हुए 56 वर्षीय व्यक्ति के स्वजनों ने उसकी किडनी डोनेट की हैं। एक किडनी दमोहनाका स्थित मेट्रो अस्पताल में भर्ती मरीज को लगाई। जबकि दूसरी किडनी बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर भेजी गई है। इसके लिए मेडिकल अस्पताल से लेकर मेट्रो अस्पताल तक ग्रीन कॉरीडोर बनाया गया, जबकि दूसरा ग्रीन कॉरीडोर डुमना तक बनाया गया।

सुपर स्पेशलिटी में ऑर्गन डोनेट की प्रक्रिया देर रात से ही आरंभ हो गई थी। आर्गन डोनेट में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल डीन डॉक्टर नवनीत सक्सेना, सुपर स्पेशलिटी डायरेक्टर डॉक्टर अवधेश कुशवाहा, डॉक्टर फणींद्र सोलंकी, डॉक्टर तुषार धकाते जबकि मेट्रो हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेश पटेल, डॉक्टर विशाल बड़ेरा और समन्वयक डॉक्टर अभिषेक दुबे का विशेष सहयोग रहा।

भेड़ाघाट शिल्पी नगर निवासी पूरनलाल चौधरी बीते दिनों एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। जिनके सिर पर काफी चोट थी। स्वजन उन्हें मेडिकल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया तो मरीज का ब्रेन डेड हो गया। इसके बाद सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने स्वजनों से चर्चा कर आर्गन डोनेट कर किसी दूसरे व्यक्ति को जिंदगी देने के लिए तैयार कर लिया था।

# 20 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रायल पूरा

## आरकेएमपी-एम्स तक 90 किमी की स्पीड से दौड़ेगी मेट्रो



**भोपाल।** भोपाल में रानी कमलापति (आरकेएमपी) रेलवे स्टेशन से एम्स के बीच 20 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से मेट्रो का ट्रायल हो चुका है। अब इसे 90 किमी की स्पीड से ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा। लोड टेस्टिंग भी की जाएगी। इसी साल जुलाई-अगस्त तक मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करने सभी पैमानों पर खरा उतरने के बाद रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) सर्वे करेगी। मेट्रो कॉरपोरेशन के अफसरों के अनुसार आरकेएमपी से एम्स के बीच 10-20 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से मेट्रो का ट्रायल किया गया है। अब इसकी स्पीड बढ़ा रहे हैं। शेड्यूल तय करके इसे दौड़ाया जा रहा है। अधिकतम स्पीड 90 किमी प्रतिघंटा तक पहुंचेगी। इससे पहले लोड टेस्टिंग समेत अन्य मल्टीपल टेस्ट किए जा रहे हैं। जिसमें ट्रैक की मजबूती, सिग्नलिंग, ब्रेकिंग सिस्टम भी देखे जाएंगे। मेट्रो और ट्रैक से जुड़े सभी कामों को लेकर ओके होने के बाद आरडीएसओ की टीम बुलाई जाएगी। यह इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम, क्वालिटी जांच करेगी। इसके बाद ही कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) टीम इंस्पेक्शन करेगी। टीम की ओके रिपोर्ट मिलने के बाद लोग मेट्रो में सफर कर सकेंगे।

मेट्रो का ऑरेंज लाइन का प्रायोरिटी रूट सुभाषनगर से एम्स तक करीब 7 किमी है। सुभाषनगर से आरकेएमपी के बीच 3 अक्टूबर 2023 को पहली बार ट्रायल रन हुआ था। इसके बाद अब तक टेस्टिंग का दौर जारी है। टेस्टिंग में मेट्रो पास भी हो गई। आरकेएमपी से एम्स के बीच मंगलवार से ट्रायल शुरू हुआ। अफसरों के अनुसार, मेट्रो की टेस्टिंग जारी रहेगी। इसी बीच तीन स्टेशन डीआरएम ऑफिस, अलकापुरी और एम्स के बचे काम पर फोकस है। इसका स्ट्रक्चर पूरा हो चुका है। यहां एंट्री और एक्जिट गेट को लेकर काम चल रहा है। मेट्रो ट्रेन रानी कमलापति से चलकर आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज), डीआरएम ऑफिस एवं अलकापुरी स्टेशन होते हुए एम्स स्टेशन पहुंच रही है। बता दें कि आरओबी का काम कुछ महीने पहले ही पूरा हुआ है। इसके बाद ट्रैक बिछाया गया। रेलवे ट्रैक और डीआरएम तिराहे पर दो स्टील ब्रिज बिछाए गए हैं।





न्यू मार्केट में जना बैंक के सौजन्य से थैला एटीएम मशीन का शुभारंभ किया इस अवसर पर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, जोन अध्यक्ष श्रीमती आरती अनेजा, जोन अध्यक्ष श्रीमती बृजुला सचान, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, न्यू मार्केट व्यापारी अध्यक्ष नानक सिंह दुआ एवं व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# बैंक कर्मियों की 24-25 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

## भोपाल में आज प्रदर्शन, खाली पद भरने और 5 दिन का सप्ताह लागू करने की मांग




**भोपाल।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले बैंक कर्मचारी शुक्रवार को भोपाल में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के जोनल ऑफिस के सामने प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी शाम 5¬15 बजे प्रदर्शन स्थल पर इकट्?ठे होंगे और नारेबाजी करेंगे। वे विभिन्न बैंकों में खाली पदों को भरने, बैंकों में 5 दिन का सप्ताह लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर 24 एवं 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर रहे हैं।

यह प्रदर्शन मध्य प्रदेश यूएफबीयू के कॉर्डिनेटर वीके शर्मा के नेतृत्व में होगा। जिसमें भोपाल की सभी सरकारी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। बता दें कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 24 और 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया है। यदि सरकार नहीं मानी, तो हड़ताल होगी, जिससे दो दिन बैंकों में कामकाज प्रभावित रहेगा।

### कर्मचारियों की मांगें ...

- सभी संवर्गों में रिक्त पदों पर पर्याप्त भर्तियां की जाएं।
- पांच दिवसीय बैंक सप्ताह के मुद्दे पर हुई सहमति का अविलंब क्रियान्वयन करें।
- नियमित कार्यों में आउटसोर्सिंग बंद की जाए।
- लंबित अवशिष्ट मुद्दों का निराकरण न होने से बैंक कर्मियों में आक्रोश है, इनका समाधान करें।
- दुर्व्यवहार और हमलों के खिलाफ बैंक कर्मियों को सुरक्षा दें।
- सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित किया जाए।
- बैंकों में कामगार और अधिकारी निर्देशकों के पदों को शीघ्र भरा जाए।
- आयकर से छूट के साथ 25 लाख रुपए तक की सीमा बढ़ाने के लिए ग्रेच्युटी अधिनियम में संशोधन करें।
- रियायती शर्तों पर दिए जाने वाले लाभों पर आयकर की वसूली बैंक कर्मियों से की जा रही है जो अनुचित है। इसका भार प्रबंधन उठाए।
- अनुचित श्रम प्रथाओं को तुरंत विराम दिया जाए।
- पेंशन अपडेशन एवं पेंशन योजना में सुधार होना चाहिए।
- डीए से जुड़ी परिभाषित लाभ पेंशन में शामिल होने का विकल्प दें।
- आईडीबीआई बैंक में कम से कम 51त्न इक्विटी पूंजी बनाए रखो।
- पीएलआई योजना में सुधार करो और बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच विभाजन, भेदभाव पैदा करने वाले डीएफएस के निर्देशों को वापस लो।
- आईबीए के पास लंबित अवशिष्ट मुद्दों का समाधान करो।
- यूएफबीयू के मुद्दों का समाधान किया जाए।

# स्पा सेंटर से काम के पैसे नहीं मिलने पर युवती ने बताया मसाज के नाम पर चल रहा वहां देह व्यापार

**जबलपुर।** शहर के एक स्पा सेंटर में काम करने वाली युवती को रायल स्पा सेंटर के संचालक ने बिना वेतन दिए भगाया तो उसने सभी स्पा सेंटरों का काला चिठ्ठा खोलकर रख दिया। उसने आरोप लगाया कि ज्यादातर स्पा सेंटरों में मसाज की आड़ में देह व्यापार हो रहा है। बुधवार को युवती ने ओमती थाने में पहुंचकर जब आरोप लगाए तो पुलिस अधिकारी भी चौंक गए। तुरंत रेल पुल नंबर चार के पास संचालित रायल स्पा सेंटर में जाकर जांच की। इसी स्पा सेंटर में युवती काम करती थी। पुलिस की देर रात तक हुई जांच में स्पा सेंटर में कोई आपत्तिजनक गतिविधि



नहीं मिली है। संचालक को युवती का पारिश्रमिक भुगतान के निर्देश दिए हैं। युवती की शिकायत से स्पा सेंटरों की कार्यप्रणाली संदिग्ध हो गई है।

असम की रहने वाली 30 वर्षीय युवती चौथा पुल स्थित एक स्पा सेंटर में काम करती थी। उसने 10 दिन पूर्व ही वहां नौकरी करनी शुरू की थी। संचालक ने उसे 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने का बोला था, लेकिन एक सप्ताह बाद ही उसका काम संतोषजनक नहीं होना बोलकर नौकरी से निकाल दिया। उसने जितने दिन काम किया, उसका भी पारिश्रमिक नहीं दिया गया। युवती ने आरोप लगाया कि संचालक पहले अधिक वेतन देने का लालच देते हैं। फिर अनैतिक कार्य के लिए दबाव बनाते हैं। उनकी बात नहीं मानने पर नौकरी से निकाल देते हैं। संचालक के दबाव और मजबूरी में कई युवतियां गलत काम करने लग जाती हैं।

युवती ने आरोप लगाते हुए कई स्पा सेंटर के नाम गिनाए। इनमें मसाज की आड़ में देह व्यापार होना बताया। उसने आरोप लगाया कि स्पा सेंटरों के बाहर हाई रेज्यूलेशन वाले सीसीटीवी कैमरे लगे होते है। पुलिस या किसी संदिग्ध को दूर से आता देखकर सेंटर की लड़कियों को इधर-उधर कर दिया जाता है। इसलिए पुलिस पहुंचती है तो उन्हें वहां गड़बड़ समझ नहीं आती है। युवती का आरोप है कि पुराना बस स्टैंड के पास, चौथा पुल और कई अन्य स्पा सेंटर में आकर युवक और अधेड़ मोटी रकम खर्च करते हैं। मसाज के नाम पर कई-कई घंटे तक रुकते हैं। स्पा सेंटर के संचालक काम करने वाली युवतियों को उपभोक्ता को संतुष्ट करने पर अतिरिक्त कमीशन का लालच भी देते हैं। इनके जाल में फंसकर कई युवतियों का जीवन बर्बाद हो गया है।

# बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूटा

**भोपाल।** नरेला विधानसभा क्षेत्र के रहवासी इलाकों में बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ रहवासियों का गुस्सा टूट गया। गुरुवार को मनोज शुक्ला के साथ बिजली उपभोक्ताओं ने चांदबड़ जोन बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप था कि



बिजली विभाग के कर्मचारी मनमाने तरीके से बिजली की रीडिंग भेज रहे हैं और बिल जमा नहीं करने पर जुर्माना वसूल किया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बिजली कनेक्शन विच्छेद किए जा रहे हैं।

शुक्ला ने बताया कि नरेला विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों रहवासियों ने आज बिजली विभाग द्वारा की जा रही अवैध वसूली और फर्जी चालानों के चलते कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के साथ आज चांदबढ़ जोन कार्यालय का घेराव कर ए. ई. रविन्द्र अग्रवाल से जवाब मांगा। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाने के बहाने पुराने मीटर को निकालकर जबरजस्ती मीटर में गड़बड़ी का हवाला देकर अवैध वसूली कर रहे हैं, मीटर को लेबोरेट्री में चेक करने के बहाने कुछ भी लेबोरेट्री रिपोर्ट जो कि ऑथेंटिक नहीं है, उनका प्रकरण बनाकर गरीबों को अवैध वसूली के नोटिस थमा दिए गए हैं। एवं चोरी का बहाना बनाकर रहवासियों की लाइट काटी जा रही है।

# लोधी समाज ने भोपाल समेत प्रदेश भर में फूंका जीतू पटवारी का पुतला, राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन



**भोपाल** अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध क्षत्रिय समाज मध्य प्रदेश ने शुक्रवार दोपहर 12 बजे भोपाल कलेक्टर कार्यालय के सामने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन किया। भोपाल के अलावा प्रदेश भर में लोधी समाज ने कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी का पुतला जलाया एवं नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। लोधी समाज के जिला अध्यक्ष राहुल वर्मा लोधी ने बताया कि इसके बाद पंचायत ग्रामीण एवं श्रम कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के सम्मान में एवं जीतू पटवारी की तथाकथित टिप्पाणी के विरोध में राज्यापाल मंगू



भाई पटेल के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि अधिकारी अजय शर्मा को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला जलाने के बाद लोधी समाज के जिला अध्यक्ष राहुल वर्मा लोधी , महामंत्री प्रीतम लोधी, हरि वर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रायसेन मंजू लोधी, विजय पड़रिया, रघुवीर लोधा, रमेश राजपूत वर्षा लोधी ममता वर्मा, डॉक्टर दिलीप वर्मा भानु लोधी बालमुकुंद लोधी अमृतलाल लोधी समेत लोधी समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने किया रानी अवंतीबाई का अपमानः जालम सिंह

पंचायत ग्रामीण एवं श्रम कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के समर्थन एवं कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की तथाकथित टिप्पणी के विरोध में अखिल भारतीय लोधी लोधा समाज खुलकर मैदान में आ गई है। लोधी समाज ने प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल के आवाहन पर मोर्चा खोल दिया। इसी सिलसिले में



भोपाल नरसिंहपुर समेत प्रदेश भर में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला जलाया गया एवं राज्यपाल मंगू भाई पटेल के नाम जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपे गए। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल पर झूठे आरोप लगाने के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। जालम सिंह पटेल ने कहा कि राजगढ़ के सुठालिया में रानी अवंती बाई के मूर्ति अनावरण समारोह की अभूतपूर्व सफलता से कांग्रेस बौखला गई और मंत्री जी के बयान को गलत तरीके से पेश करके अनर्गल टिप्पणी कर रही है जो वीरांगना रानी अवंती बाई एवं लोधी समाज का सरासर अपमान है। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को मंत्री प्रहलाद पटेल पर झूठे आरोप लगाने के लिए माफी मांगना चाहिए।